तापमान

अधिकतम 33.8 डिग्री

न्यूनतम 17.7 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026



12 कचना के स्वास्तिक नगर में जल संकट...





12 18 महीने से वेतन नहीं, आंदोलनरत कर्मचारियों...




# संडे बाजार के लिए नई नियमावली, सुबह 10 बजे तक ही मिलेगी अनुमति, जाम से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी के मौदहापारा स्थित संडे बाजार को लेकर रायपुर नगर निगम और यातायात पुलिस ने व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब इस बाजार में व्यवसाय करने वाले सभी व्यवसायिओं के लिए पहचान पत्र रखना अनिवार्य कर दिया है, साथ ही बाजार के समय और स्थान को लेकर निर्धारण किया गया है। इसके अनुसार मौदहापारा के संडे बाजार में सुबह 10 बजे तक ही फुटकर विक्रेताओं को व्यवसाय करने की अनुमति मिलेगी। दरअसल, मौदहापारा का संडे बाजार शहर के प्रमुख केके मार्ग पर ▶▶|शेष पेज 11 पर

- आईडी कार्ड रखना अनिवार्य
- सफेद मार्किंग पर ही सजेगा मौदहापारा का संडे बाजार
- ग्राहकों के लिए महाबीर गौशाला के पास पार्किंग की सुविधा



## खास बात इस तरह

- साप्ताहिक संडे बाजार सुबह 10 बजे तक ही लगेगा ।
- सभी व्यवसायिओं को अपना आईडी कार्ड रखना होगा।
- ग्राहकों के लिए महाबीर गौशला दुर्गा कालेज के पास पार्किंग निर्धारित।
- कचरा फैलाने पर रोक, व्यापारियों को सफाई का ध्यान स्वयं रखना होगा ।
- नियमों का पालन न होने पर यातायात पुलिस और नगर निगम संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे।
- निगम और यातायात पुलिस की टीमें आगामी रविवार से इन नियमों का जमीनी स्तर पर पालन कराएंगी, व्यवस्था सुचारू नहीं रहने या यातायात में बाधा उत्पन्न होने पर संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## व्हाइट मार्किंग के भीतर ही सजेगा बाजार



महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संडे बाजार सुबह 10 बजे तक ही लगाया जा सकेगा। मौदहापारा पुलिस थाने से लेकर मस्जिद के सामने तक सड़क किनारे बनाई गई सफेद रोड मार्किंग के भीतर ही व्यवसायिओं को बैठने की अनुमति होगी। सड़क पर सामान फैलाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। बुधवार को महात्मा गांधी सदन में हुई बैठक में नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग अध्यक्ष मनोज वर्मा, एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, नगर निवेशक आभाष मिश्रा ने करीब 100 फेरी वालों को नई गाइडलाइन की जानकारी दी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल स्थानीय व्यवसायिओं को ही प्राथमिकता दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### 45 वारंटी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम जोन के डीसीपी संदीप कुमार पटेल के निर्देश तथा एडीसीपी राहुल देव शर्मा एवं पश्चिम जोन के एसीपी के नेतृत्व में मंगलवार-बुधवार को आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, पुरानी बस्ती, डीडी नगर, आमानाका, न्यू राजेन्द्र नगर, टिकरापारा एवं मुजगहन थाना क्षेत्र के फरार वारंटियों की तामिली के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान में इन थाना क्षेत्र से 18 स्थायी वारंटी एवं 27 गिरफ्तारी वारंटियों की तामिली की गई।

### कंपनी के नाम का फर्जी एप लोन, अपराध दर्ज

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रबंधन ने अज्ञात लोगों के खिलाफ उनकी कंपनी के नाम का दुरुपयोग करते हुए फर्जी लोन एप चलाए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्रालि के कर्मी बोधीसत्व घोष ने अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कंस्ट्रकशन कंपनी के कर्मी ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात व्यक्ति गूगल प्ले स्टोर पर डे-डे लोन और आरवी लोन नाम से एक मोबाइल एप संचालित कर रहा है, जिसमें पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्रालि का नाम और पुराना पता (महाराष्ट्र भवन के पास, चौबे कालोनी, रायपुर) दर्शाया गया है। आरोप है कि उक्त एप के माध्यम से लोगों को लोन देने के नाम पर आर्थिक धोखाधड़ी की जा रही है, जिससे कंपनी की साख प्रभावित हो रही है।

### सूने मकान का ताला तोड़ कर नगदी जेवर पार



**रायपुर।** गंज थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़ कर एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चूना भट्ठी निवासी दीपक कुमार साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर आलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया। पुलिस घटना स्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर पतासाजी करने में जुटी है।

### एपीके फाइल भेज कर ढाई लाख की ठगी




**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना में एक महिला ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ एपीके फाइल भेज कर उसके तथा उसकी बेटी के अकाउंट से ढाई लाख रुपए आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवधपुरी कालोनी निवासी निर्मला मलिक ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने एपीके फाइल का लिंक भेजा। लिंक क्लिक करने पर महिला तथा उसकी बेटी के अकाउंट के ढाई लाख रुपए अज्ञात के अकाउंट में ट्रांसफर हो गए।

खदानों की नीलामी हुए लगभग 4 महीने बीत चुके

# नीलामी के कई महीनों बाद भी रेत की नई खदानें शुरू नहीं, पर्यावरण विभाग में अटकी एनओसी की फाइलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में कई पुरानी रेत खदानों का अनुबंध खत्म हो गया है, वहीं कई नई खदानें घोषित कर रेत उत्खनन के लिए उनकी नीलामी की गई है। इनमें कई खदानों की नीलामी हुए लगभग 4 महीने बीत चुके हैं। इसके बाद भी इन खदानों में वैध रूप से उत्खनन का काम शुरू नहीं हो पाया है। खनिज विभाग के सूत्रों से पता चला कि खदानों की नीलामी के बाद खनिज विभाग से अनुबंध की प्रक्रिया के अलावा छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण विभाग से उत्खनन करने के लिए अनुमति भी लेनी होती है। इसके लिए खदानों के ठेकेदारों ने पर्यावरण विभाग में आवेदन भी किए हैं, लेकिन इसकी फाइलें विभाग में अटक कर रह गई हैं।

### एनओसी नहीं मिला है

जिले में सात नवीन रेत खदानों की नीलामी की गई है। इनमें से अब तक किसी को भी राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिला है। इस कारण से कोई भी खदान में रेत उत्खनन का कार्य शुरू नहीं हुआ है।

\- **उमेश भार्गव,** सहायक खनिज अधिकारी रायपुर



### सर्वे एवं जांच कर अनुमति देने का नियम

खनिज विभाग के अधिकारिक सूत्र के अनुसार खदान की नीलामी की बाद संबंधित खदान की अनुबंध की प्रक्रिया खनिज विभाग द्वारा की जाती है। इस प्रक्रिया के बाद जिसके साथ खदान में उत्खनन का अनुबंध हुआ है, उसके द्वारा उत्खनन शुरू करने से पूर्व राज्य पर्यावरण विभाग से अनुमति ▶▶|शेष पेज 11 पर

### खदानों का सर्वे-जांच तक नहीं हुई

सूत्रों से पता चला कि पुरानी और नई खदानों की नीलामी के बाद से अब तक पर्यावरण विभाग की टीम खदानों का सर्वे, जांच करने तक नहीं पहुंची है। इसके कारण एनओसी के आवेदनों की फाइलें भी विभाग में डंप पड़ी हुई हैं।

### *रायपुर जिले में 7 नवीन खदानों की हो चुकी है नीलामी*

*रायपुर जिले में 7 नवीन स्थानों को चिन्हांकित एवं सीमांकित कर नवीन रेत खदान घोषित किया गया है। इनमें गोबरा नवापारा तहसील अंतर्गत ग्राम टीला-ए में खसरा नंबर 1891 का रकबा 5 हेक्टेयर, ग्राम टीला-बी खसरा 1891 का रकबा 10 हेक्टेयर, ग्राम चांपाझर-ए खसरा 3103 का रकबा 5 हेक्टेयर एवं ग्राम चांपाझर-बी का खसरा 1112 का रकबा 5 हेक्टेयर शामिल है। इसी प्रकार आरंग तहसील अंतर्गत ग्राम हरदीडीह बी खसरा 703 रकबा 10 हेक्टेयर, ग्राम कुरूद-सी खसरा 2742 रकबा 10 हेक्टेयर एवं ग्राम राटाकाट-बी खसरा 887 रकबा 10 हेक्टेयर शामिल है। इन सभी नवीन खदानों की नीलामी नवंबर 2025 में हो चुकी है।*

### *कई खदानों में बगैर एनओसी के उत्खनन जारी*

*सूत्रों से यह भी पता चला कि रायपुर सहित प्रदेश के अन्य कई जिलों में जिन खदानों की नीलामी कुछ महीनों पहले की गई हैं, उनमें से कई खदानों में बगैर पर्यावरण विभाग से एनओसी मिले रेत का उत्खनन किया जा रहा है। हालांकि ज्यादातर खदानों में कार्रवाई से बचने के लिए रात के समय में उत्खनन कराया जा रहा है।*

# ईओडब्लू-एसीबी चीफ एएसपी और डीएसपी को निचली अदालत से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल घोटाला में आरोपी निखिल चंद्राकर के ईओडब्लू के अधिकारियों द्वारा धारा 164 के तहत कलमबंद बयान को फर्जी होने के आरोप में दायर परिवाद को निचली अदालत ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर होने की बात कह कर खारिज कर दिया। निखिल चंद्राकर के बयान को बाहर टाइप करवाने का आरोप लगाकर बचाव पक्ष के वकील ने ईओडब्लू, एसीबी के चीफ अमरेश मिश्रा, एडिशनल एसपी चंद्रेश ठाकुर और डीएसपी राहुल शर्मा के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया था। आकांक्षा बेक की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कानून के अनुसार जिस अदालत में बयान या दस्तावेज पेश किए गए हों, उसी अदालत को उस पर सुनवाई का अधिकार होता है। इस मामले में धारा 164 के तहत दर्ज ▶▶|शेष पेज 11 पर

- कोल घोटाला के आरोपी निखिल चंद्राकर के दर्ज धारा 164 के बयान को फर्जी होने का आरोप लगाया गया था

### दोनों पक्ष के वकील में जोरदार बहस

मामले की स्वीकार्यता को लेकर कोर्ट में दोनों पक्षों के बीच जोरदार बहस हुई। शासन की ओर से अधिवक्ता रवि शर्मा ने कहा कि यह मामला इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। उन्होंने तर्क दिया कि जिन अफसरों के खिलाफ शिकायत की गई है, वे सरकारी काम कर रहे थे और उन्हें कानूनी सुरक्षा प्राप्त है। शिकायतकर्ता की ओर से वकील फैजल रिजवी ने कहा कि अगर कोई अपराध हुआ है, तो उसकी सूचना देना हर नागरिक का अधिकार है। यह मामला अदालत के खिलाफ नहीं, बल्कि कथित अपराध से जुड़ा है। वहीं इस मामले में वकील फैजल रिजवी ने कहा कि वे इस आदेश के खिलाफ रिविजन याचिका दायर करेंगे।

### यह है पूरा मामला

कोल घोटाला प्रकरण में आरोपी सूर्यकांत तिवारी की जमानत पर सुनवाई हुई थी। इस दौरान ईओडब्लू, एसीबी ने कोर्ट में कुछ दस्तावेज पेश किए। इन दस्तावेजों में सह आरोपी निखिल चंद्राकर का धारा 164 के तहत कलमबंद बयान भी शामिल था। शिकायतकर्ता गिरीश देवांगन के अनुसार कोर्ट में जब निखिल चंद्राकर के बयान की कॉपी सूर्यकांत तिवारी के वकीलों को दी गई, तो उसमें कई गड़बड़ियां सामने आईं। इससे ईओडब्लू, एसीबी पर झूठे तरीके से साजिश रचने का आरोप लगाया गया।

# आरटीओ एजेंट को किया डिजिटल अरेस्ट, 17 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाईटेक जालसाजों द्वारा लोगों के साथ ठगी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे ही एक मामले में एक जालसाज ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के एक रहवासी तथा उसके परिवार को डिजिटल अरेस्ट कर 17 लाख 15 हजार रुपए की ठगी की है। पीड़ित पेशे से आरटीओ एजेंट है। जालसाज ने आरटीओ एजेंट को उसके अकाउंट से लाखों रुपए का मनी लांड्रिग होने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया।

- ठगी का शिकार पेशे से आरटीओ एजेंट, पुलिस पड़ताल में जुटी

मोतीनगर निवासी शरद तिवारी ने अज्ञात के खिलाफ डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शरद ने पुलिस को बताया है कि उसके पास 15 फरवरी को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना परिचय राजवीर ▶▶|शेष पेज 11 पर

### *झांसा में लेने के बाद पूरे परिवार को किया डिजिटल अरेस्ट*

*अपने जाल में फंसते देख जालसाज ने फर्जी गिरफ्तारी वारंट शरद के मोबाइल में वाट्सएप कर परिवार सहित डिजिटल अरेस्ट करने की जानकारी दी। इसके बाद जालसाज ने शरद को उसके अकाउंट की जांच करने के नाम पर उनसे गिरफ्तारी से बचने तथा अकाउंट की जांच करने के नाम पर अलग-अलग अकाउंट में लौटाने का झांसा देकर रकम ट्रांसफर कराया।*

### *जालसाज एफडी में सेंध लगाने की तैयारी में*

*जालसाज शरद के अकाउंट से ठगी करने के बाद उसके एफडी पर सेंध लगाने की फिराक में था। इसलिए उसने शरद को उसके एफडी के बारे में जानकारी हासिल कर एनओसी दिलवाने के नाम पर एफडी की रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने दबाव बनाया। इस दौरान शरद को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ और उसने जालसाज का कॉल रिसीव करना बंद कर ठगी की शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचा।*

### वारंट तामिली से लेकर गिरफ्तारी मैनुअल होती है

किसी अपराध में शामिल अपराधी या संदिग्ध को पुलिस कोर्ट के माध्यम से वारंट जारी कराती है। वारंट जारी होने के बाद उसकी तामिली पुलिस के सिपाही द्वारा मैनुअली की जाती है। वारंट तामिल होने के बाद भी आरोपी या संदिग्ध कोर्ट या संबंधित थाने में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराता है, तो इस स्थिति में उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाता है। पुलिस किसी को कानूनन डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। इस संबंध में पुलिस सोशल मीडिया के साथ अन्य प्लेटफार्म में जन जागरूकता अभियान भी चलाती रहती है। बावजूद इसके जालसाज भोले-भाले लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने का भय दिखाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं।

# बढ़ती गर्मी, 34 डिग्री तक पहुंचा तापमान रात में हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी अपना असर दिखाने वाली है और इसके संकेत दिन के बढ़ते तापमान के रूप में नजर आ रहा है। बुधवार को रायपुर के 33.8 को पीछे छोड़कर नांदगांव का तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया। रात का न्यूनतम तापमान भले ही राज्य में 15 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया हो मगर हल्की ठंड अभी भी बरकरार है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम शुष्क होने की वजह से दिन में धूप अपना असर दिखा रहा है जिससे बढ़ती गर्मी का अहसास हो रहा है। पिछले तीन दिन से रायपुर का तापमान राज्य में सबसे अधिक था मगर बुधवार को राजनांदगांव के पारा ने इसे क्रास कर दिया। अभी राज्य में गर्मी का प्रभाव मैदानी इलाके में तेजी से बढ़ने की संभावना है। मार्च के दूसरे पखवाड़े में यहां तेज गर्मी का असर होगा।




9 अप्रैल को केटीएस तुलसी और फूलोदेवी का कार्यकाल हो रहा पूरा

# छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 26 से नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले राज्यसभा सदस्यों की रिक्त सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी गई है। इसके माध्यम से देश के 10 राज्यों में कुल 37 राज्यसभा सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की कुल 5 सीटों में से 2 सदस्यों,केटीएस तुलसी और फूलो देवी नेताम का कार्यकाल 9 अप्रैल को पूर्ण हो रहा है। इन दोनों सीटों के रिक्त होने के कारण निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। आयोग द्वारा जारी ▶▶|शेष पेज 11 पर



### मतपत्र में बैगनी रंग के स्कैच पेन का उपयोग

सभी विधायक मतपत्र के माध्यम से मतपेटी में अपना मत प्रदान करेंगे। मतपत्र पर वरीयता अंकित करने के लिए केवल निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान किए गए बैंगनी रंग के स्केच पेन का उपयोग किया जाएगा। किसी अन्य पेन का उपयोग मान्य नहीं होगा। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया की कड़ी निगरानी की जाएगी।

### विधानसभा सचिव होंगे रिटर्निंग ऑफिसर

राज्यसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र 26 फरवरी से 5 मार्च तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में निर्धारित स्थान पर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन में राज्य के कुल 90 विधानसभा सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के 54, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 35 तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एक सदस्य शामिल हैं।

चावल की खरीदी के बाद दलालों को अधिक दाम पर बेच रहे हैं

# तराजू में बाट को चढ़ाकर एंट्री, राशन दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के शासकीय उचित मूल्य की कई दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री हो रही है। जो कार्ड धारक चावल का इस्तेमाल नहीं करते, वे चावल को दुकान संचालक के पास ही उनके द्वारा निर्धारित दाम पर बेच रहे हैं। दुकान संचालक भी कम दाम में कार्ड धारक से चावल की खरीदी के बाद दलालों को अधिक दाम पर बेच रहे हैं। इससे दुकान संचालकों को भी मुनाफा हो रहा है। इधर राशन दुकान में जहां चावल की खरीदी-बिक्री की हो रही है, वहीं ऑनलाइन एंट्री में हितग्राही को वितरण करना शो हो रहा है, क्योंकि दुकानदार तराजू में चावल के बदले उसके वजन का बाट को चढ़ा रहा है। कुछ दुकानों में तो बाट की जगह वजन के बराबर चावल से भरी एक ही बोरी को बार-बार चढ़ा कर वजन किया जा रहा है।



### जांच कर कार्रवाई करेंगे

शासकीय उचित मूल्य दुकान में पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री का विडियो या शिकायत अभी विभाग को नहीं मिली है। अगर विडियो या शिकायत आएगी, तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

\- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### चावल की खरीदी-बिक्री का विडियो आया सामने

उचित मूल्य की दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री के दो विडियो हरिभूमि के हाथ लगे हैं। ये दोनों विडियो राजधानी रायपुर के अलग-अलग वार्ड में संचालित उचित मूल्य की दुकान के बताए जा रहे हैं। इनमें एक विडियो में इलेक्ट्रानिक तराजू में दुकान का कर्मचारी चावल की जगह बाट को चढ़ाने के बाद कार्ड धारक से ईपॉस मशीन में थम लगवा रहा है, उसके बाद उसे चावल के बदले पैसे दे रहा है। एक अन्य विडियो में एक राशन दुकान में एक हितग्राही के कार्ड की एंट्री करने के दुकान कर्मचारी उसे चावल के बदले पैसे दे रहा है। ये दोनों विडियो इस बात का प्रमाण है कि कई उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाला पीडीएस चावल को बेचा और खरीदा जा रहा है।

### पीडीएस चावल की 20 से 32 रुपए प्रति किलो तक खरीदी-बिक्री

सूत्रों से पता चला कि पीडीएस चावल को राशन दुकानदार 20 रुपए से लेकर 22 रुपए प्रति किलो की दर से हितग्राही से खरीदी कर रहे हैं, वहीं बाद में उसी चावल को दलालों को वे 24 रुपए से लेकर 26 रुपए प्रति किलो तक बेच रहे हैं। इधर दलाल भी दुकानदारों से चावल खरीदी के बाद उसी चावल को 30 से 32 रुपए प्रति किलो तक कुछ राइस मिल से लेकर पोहा मिल, इडली-दोसा के व्यवसायियों को बेच रहे हैं।

### सस्पेंड- एफआईआर का प्रावधान

विभागीय सूत्र के अनुसार अगर कोई शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चावल की खरीदी-बिक्री होती है, तो इसके लिए दुकान को सस्पेंड करने के साथ उसके संचालक और विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर किए जाने का भी प्रावधान है। हालांकि देखना है कि इस मामले में विभाग क्या कार्रवाई करता है।

## खबर संक्षेप

### अलाइड सर्विस से ऋषभ पराशर और तरुण किरण बने आईएएस

**रायपुर।** केंद्र सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ के दो अलाइड सर्विस अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति वर्ष 2024 की चयन सूची (नॉन-एससीएस) के अंतर्गत की गई है। जारी आदेश के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2024 के बीच उत्पन्न रिक्तियों के विरुद्ध चयन करते हुए ऋषभ कुमार पराशर और तरुण कुमार किरण को आईएएस में पदोन्नत किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 तथा संबंधित विनियमों के तहत की गई है। ऋषभ पराशर राज्य वित्त सेवा और तरुण कुमार किरण जीएसटी विभाग के अधिकारी हैं।

### उद्यान सौंदर्यीकरण भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने श्रीफल फोड़कर सिविल लाइन वार्ड के पंचशील नगर में उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक निधि मद से 20 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से उद्यान का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। जिसमें बाउंड्रीवाल निर्माण, लैंड स्केपिंग, पाथवे का निर्माण और भीतर परिसर में सामुदायिक हाल का निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, वार्ड पार्षद संजना हियाल जोन 4 कमिश्नर अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### होली पर शुष्क दिवस हटाने की कड़ी निंदा

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा नई आबकारी



नीति के तहत होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस को शुष्क दिवस की सूची से हटाए जाने के फैसले की तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की राजस्व की भूख को दर्शाता है।

### कुशालपुर में 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वामनराव लाखे वार्ड में 8 अलग-अलग नए विकास कार्य का भूमिपूजन कर नगर वासियों को सौगात दी। इन कार्यों में प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 3 में 48 लाख की लागत से आरसीसी नाला निर्माण, मरम्मत एवं कव्हर करने का कार्य, सामान्य मद में बाजार चौक हमर क्लीनिक के पास बाउंड्रीवाल व शेड निर्माण, विधायक निधि से शासकीय मिडिल स्कूल कुशालपुर में निर्माण कार्य, दंतेश्वरी अखाड़ा कुशालपुर चौक में व्यायाम उपकरण, कुश्ती नेट व मेट कव्हर कार्य सहित अन्य कार्य शामिल हैं। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल, वार्ड पार्षद कृष्णा, सोनकर सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सिपाही से एएसआई की डेढ़ साल बाद अब हो सकेगी पदोन्नति, सरकार ने बनाए नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस में काम करने वाले आरक्षक, प्रधान आरक्षक और सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की डेढ़ साल से लंबित पदोन्नति की राह अब आसान हो गई है। राज्य सरकार के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक बल आरक्षक (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम 2007 में कई महत्वपूर्ण संशोधन कर नए नियम बनाए हैं। खास बात ये है कि यह पहल छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की पहल पर हो रही है।

### ये है मामला

गृह विभाग ने आरक्षक से लेकर एएसआई तक के प्रमोशन के लिए संशोधित नियम बनाए हैं। इस संबंध में हरिभूमि ने बुधवार को प्रमुखता से प्रकाशित समाचार में जानकारी दी थी। यह बदलाव दरअसल इसलिए किया गया है, क्योंकि अब से पहले यही पदोन्नति की प्रक्रिया विभागीय एसओपी के आधार पर होती थी। हाईकोर्ट ने अब से करीब डेढ़ साल पहले इस एसओपी को निरस्त करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही ये भी कहा गया था कि इस काम के लिए नियम बनाए जाएं। इस बीच बताया गया है कि करीब डेढ़ साल से इस कैडर की पदोन्नित प्रक्रिया रूकी हुई थी। अब यह नियम के मुताबिक होगी।

## पुरानी एसओपी हुई निरस्त

### प्रधान आरक्षक इस तरह बनेंगे एएसआई

प्रधान आरक्षक से सहायक उप-निरीक्षक पद के लिए पदोन्नति प्रक्रिया रेंज स्तर पर होगी। संबंधित वर्ष, जिस वर्ष पदोन्नति दी जाना है उस वर्ष की एक जनवरी को प्रधान आरक्षक के पद पर न्यूनतम 5 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो। वरिष्ठता के आधार पर योग्य पाये प्रधान आरक्षक की वरियता सूची एवं मास्टर चार्ट प्रस्तुत करने की संपूर्ण जवाबदारी इकाई प्रमुख की होगी। प्रधान आरक्षक को सेवा-अभिलेख मूल्यांकन में निर्धारित अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा।




### ये शर्तें भी होंगी लागू

इस नियम से पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों के लिए ये शर्तें भी रखी गई हैं। विगत 5 वर्षों में कोई बढ़ी सजा नहीं मिली हो। पिछले 5 वर्षों में ईनाम की संख्या छोटी सजाओं से अधिक हो। विगत पांच वर्षों में प्राप्त वार्षिक टीप के आधार पर सबंधित की पदोन्नति के संबंध में उपयुक्तता या अनुपयुक्त के संबंध में निर्धारण किया जायेगा। सन्निष्ठा पर संदेह न हो (सन्निष्ठा इकाई प्रमुख द्वारा सत्यापित की जावेगी।)

### अब इस नियम से मिलेगा प्रमोशन

नए नियम के हिसाब से अब आरक्षक से प्रधान आरक्षक और प्रधान आरक्षक से एएसआई के पद पर प्रमोशन के लिए ये प्रक्रिया अपनाई जाएगी। आरक्षक से प्रधान आरक्षक के लिए पदोन्नति प्रक्रिया जिला स्तरीय होगी। संबंधित वर्ष, जिस वर्ष पदोन्नति दी जाना है उस वर्ष की एक जनवरी को आरक्षक के पद पर न्यूनतम 8 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो। आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण उत्तीर्ण हो। आरक्षक को सेवा-अभिलेख मूल्यांकन में निर्धारित अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। वरिष्ठता के आधार पर योग्य पाये आरक्षक की सूची एव मास्टर चार्ट प्रस्तुत करने की संपूर्ण जवाबदारी इकाई प्रमुख की होगी।

## जनगणना के संबंध में राज्य स्तरीय कान्फ्रेंस आयोजित

# मुख्य सचिव ने कहा-शासकीय योजनाओं का फायदा समय पर मिले यह सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य सचिव विकासशील ने अधिकारियों से कहा, शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का फायदा हितग्राहियों को समय पर मिले यह सुनिश्चित हो। इसके लिए पहले से ही हितग्राही से संबंधित जानकारी दुरुस्त कर ली जाए। मुख्य सचिव मंत्रालय में आयोजित जनगणना वर्ष 2027 के संबंध में आयोजित राज्य स्तरीय कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा, आगामी गर्मी के मौसम में सभी जिलों में पेयजलापूर्ति, गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से पहले से ही लोगों को सावधान रहने एवं बचाव करने जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाने और तैयारियां पहले से ही कर लें। कलेक्टर्स को इस वर्ष खरीफ मौसम की धान खरीदी की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने, राशन दुकानों में खाद्यान्न सामग्री की उपलब्धता, इस साल तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य, हाई स्कूल हायर सेकेंडरी परीक्षा, जनसमस्याओं के समाधान एवं निवारण, पीएम आवास सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को जनगणना वर्ष 2027 संबंधी कार्यों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता से करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। राज्य स्तरीय संभागायुक्त कलेक्टर्स कान्फ्रेंस में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के भारसाधक सचिव, सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स, नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### मिलर्स के लंबित भुगतान करने करें कार्यवाही

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी राशनकार्ड धारकों को पात्रता के अनुसार समय पर खाद्यान्न सामग्री मिले इसके लिए लगातार शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की मानीटरिंग करें। मुख्य सचिव ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को धान संग्रहण केन्द्रों के भौतिक सत्यापन कर धान परिवहन एवं मिलिंग कार्य करने जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मिलर्स के लंबित भुगतान करने जरूरी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।

### शासकीय लंबित भुगतान करने लगाएं शिविर

*मुख्य सचिव ने कृषि विभाग एवं मार्कफेड के अधिकारियों को आगामी खरीफ मौसम में खाद एवं बीज के पर्याप्त भंडारण करने कहा है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने कलेक्टरों को लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं निवारण के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित करने कहा है। उन्होंने विभिन्न शासकीय लंबित भुगतान करने शिविर लगाकर कार्यवाही करने कहा है।*

# डिजिटल ऋण पुस्तिका राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी, सशक्त बनाएगी

- राजस्व मंत्री ने डिजिटल किसान किताब और ऋण पुस्तिका का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*छत्तीसगढ़ में बुधवार को डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने निवास कार्यालय में डिजिटल किसान किताब का औपचारिक शुभारंभ किया। यह राज्य के किसानों और भूमिधारकों को आधुनिक, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। डिजिटल किसान किताब अब पारंपरिक मैन्युअल किसान किताब का स्थान लेगी। इसके माध्यम से किसानों को अपनी भूमि संबंधी जानकारी कभी भी और कहीं से भी ऑनलाइन प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा भुइया पोर्टल पर बी-1 एवं पी-II रिपोर्ट के साथ उपलब्ध रहेगी, जिसे किसान आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे। डिजिटल प्रणाली में आवश्यक विवरण स्वतः अपडेट होते रहेंगे, जिससे जानकारी संशोधन के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता समाप्त होगी। साथ ही, संबंधित पटवारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाणित प्रति उपलब्ध होने से दस्तावेजों की वैधता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।*

### डिजिटल प्रणाली से त्रुटियों में आएगी कमी : वर्मा

इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने कहा, अब ऋण पुस्तिका से संबंधित जानकारी ऑनलाइन और वास्तविक समय में उपलब्ध होने से किसानों को बैंक ऋण, फसल ऋण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सहूलियत होगी। मंत्री ने बताया कि डिजिटल प्रणाली से त्रुटियों में कमी आएगी, अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित होगी और प्रशासनिक प्रक्रिया अधिक सरल एवं प्रभावी बनेगी।

# छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता संरक्षण पर 21-22 को क्षेत्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बताया कि 21 एवं 22 फरवरी को रायपुर में उपभोक्ता संरक्षण पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह पहला आयोजन छत्तीसगढ़ में हो रहा है।

- राष्ट्रीय कमीशन के अध्यक्ष और आठ राज्यों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

कार्यशाला में उपभोक्ता संरक्षण कानून की एकरूपता और अन्य मामलों में चर्चा कर सुझाव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा ताकि आवश्यक परिवर्तन किया जा सके। कार्यशाला में यूपी, महाराष्ट्र, गोवा, झारखंड सहित आइ राज्यों 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे। 22 फरवरी को इसका समापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। कार्यशाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष जस्टीस एपी शाही, केंद्र सरकार की उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे भी उपस्थित रहेंगी। बताया गया है कि कार्यक्रम के दौरान ई-जागृति, ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग और एआई का उपयोग कर उपभोक्ता न्याय को और किफायती बनाने पर चर्चा की जाएगी। उपभोक्ता मामलों के शिकायत की स्वीकृति प्रक्रिया पर भी चर्चा होगी। उपभोक्ता मामलों में डिजिटल और ऑनलाइन प्लेटफार्म की चुनौतियां, उपभोक्ताओं को भ्रमित और शोषित करने वाली तकनीकों पर चर्चा की निर्णय लिए जाएंगे। उपभोक्ता मामलों के आवेदन पर त्वरित निराकरण और प्रभावी निपटारा के प्रस्तावों पर चर्चा होगी। कार्यशाला के दौरान कुल 6 तकनीकी सत्र होंगे।

# भूपेश ने कहा - इनको तीज त्योहार से नहीं, पैसे से मतलब

## होली में शराब दुकान खुलने को लेकर सियासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बलरामपुर जिले के कुसमी में एसडीएम द्वारा की गई मारपीट से आदिवासी किसान की मौत के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना पर टिप्पणी करते हुए इसे प्रदेश में गिरती कानून-व्यवस्था के उदाहरण के तौर पर पेश किया है।

पंजाब दौरे से लौटने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, प्रदेश में क़ानून व्यवस्था की स्थिति बेहद ख़राब है। हद तो यह है कि प्रशासन के लोग ही हत्या करने लगे हैं। विष्णु देव सरकार और विजय शर्मा के विभाग के अधिकारी निरंकुश हो गए हैं। वृद्ध आदिवासी को पीट-पीट कर मार डाला।



### किसी की भावना से कोई मतलब नहीं

वहीं होली के दौरान शराब दुकानों के खुली रहने पर पूर्व सीएम ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, इनको तीज त्योहार से कोई मतलब नहीं है। होली जैसे त्योहार में शराब दुकान खोल रहे हैं, इनको केवल पैसे से मतलब है, सब कुछ पैसा है। एक बात तो समझ आती है कि सरकार को किसी की भावना से कोई मतलब नहीं है। बिरनपुर हिंसा मामले में 17 लोगों को कोर्ट से दोषमुक्त किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अपराध तो घटित हुआ है। सवाल इस बात का है कि उनके पुलिस और वकील किस तरह से कोर्ट में दलील रखते हैं, ये महत्वपूर्ण बात है।

### गोगांव को सड़कों की सौगात

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत जोन 1 के वार्डों में ढाई करोड़ की लागत से सड़क डामरीकरण और चौड़ीकरण सहित अन्य विकास कार्य करवाया जाएगा। विधायक मोतीलाल साहू और महापौर मीनल चौबे ने संत कबीरदास वार्ड के गोगांव क्षेत्र में करीबन 2 किलोमीटर सड़क मार्ग के डामरीकरण और चौड़ीकरण कार्य के लिए कुदाल चलाकर कार्य की शुरूआत की।

# आईजीओटी कर्मयोगी संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में अधिकारी कर्मचारी नई तकनीक से हुए अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के रेडक्रास भवन में बुधवार को प्रशासन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आईजीओटी कर्मयोगी संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर की उपस्थिति में हुई कार्यशाला में रायपुर संभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान सभी को नई तकनीक से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर राज्य स्तर से अंजू सिंह अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं नोडल अधिकारी (आईजीओटी कर्मयोगी) ने अधिकारियों को प्रशिक्षण एवं विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### आईजीओटी के प्रभावी उपयोग-भूमिका को जाना

कार्यशाला में अधिकारियों को आईजीओटी प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, भूमिका आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को दक्ष करना और नए तकनीक से अवगत कराना है। इसके माध्यम से उनकी कार्यशैली में भी परिवर्तन आएगा। अंजु ने बताया कि हर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को इसमें पंजीयन कराना होगा एवं कार्यशाला के नोडल अधिकारियों के माध्यम से तीन कोर्स करने होंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला में अधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण प्रणाली, प्रशासनिक सुधार तथा सेवा गुणवत्ता में वृद्धि के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में एडीएम उमाशंकर बंदे, नवीन ठाकुर एवं जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित संबंधित कार्यालयों के नामित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव विकास शील के नेतृत्व में राज्य में प्रशासनिक क्षमता निर्माण, डिजिटल गवर्नेंस एवं नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आईजीओटी कर्मयोगी कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने मिशन कर्मयोगी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी साझा की गई, जिसके अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।



न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक/ /अ-6/2025-2026 रायपुर, दिनांक 18/02/2026, ग्राम-गुढियारी, प.ह.नं.-49, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती चन्द्रकला साहू पति श्री जीतेन्द्र कुमार साहू निवासी जय साई विधा मंदिर के सामने, गोकूल नगर, चिरहुलडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम गुढियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 981/4, रकबा 0.0050 हे., याने 575 वर्गफुट भूमि है वर्तमान में राजस्व अभिलेख पर विक्रेता के नाम दर्ज है उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदिका ने विक्रेता श्री छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री संदीप कुमार साहू पिता श्री गन्नू राम साहू निवासी विद्यानगर वार्ड नं. 19 परसदा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.08.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पु.क्रं. अ-1 ग्रंथ क्रमांक 76552, पृष्ठ क्रं. 263 से 283, दस्तावेज का नंबर सी. जी. 2025-26-102-1-2097 देकर विधिवत पंजीकृत किया गया है अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 10/03/2026 को होगी । अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/ आपत्ति दिनांक 10/03/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय के कुर्की वारंट से बचने का प्रयास एवं संपत्ति विक्रय करने का प्रयास की सूचना**

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है की हमारे पक्षकार श्री हरीश बी रंगलानी पिता श्री भागचंद रंगलानी निवासी शैलेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष मे पारित आदेश के अनुसार न्यायालय भाड़ा नियंत्रक प्राधिकारी रायपुर ने रवि दुसेजा पिता स्व. शोभराज दुसेजा निवासी शिव विला, गली नंबर 5, प्रेम प्रोविजन के सामने सेंट जोसेफ स्कूल के आगे अम्लीडीह रायपुर (छ.ग.), के विरूद्ध कुर्की वारंट का आदेश जारी किये है। परंतु उक्त रवि दुसेजा के द्वारा कुर्की वारंट से बचने हेतु अपनी उपरोक्त वर्णित संपत्ति ग्राम अम्लीडीह स्थित भूमि ख.न. 151/196 रकबा 0.0094 हे. म्यूनिस्पिल म.न. RPR446L00580 को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है ।

अतः कोई भी व्यक्ति उक्त रवि दुसेजा से उसके नाम की उपरोक्त वर्णित संपत्ति या अन्य और कोई संपत्ति को खरीदने का सौदा न करे और न ही खरीदे अन्यथा संपत्ति पर न्यायालय द्वारा की जा रही कुर्की की कार्यवाही सर्वमान्य होगी और क्रेता को विवादो मे उलझना पड़ेगा, जिसकी जवाबदारी स्वयं क्रेता की होगी ।

सूचना ताकिद जानें ।

दिनांक : 18.02.2026

भवदीय
ए.के. कटारिया, कु. समता कटारिया
(अधिवक्तागण)
निवासी-लोहार चौक, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)
मो. 72258-83638

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भवन सिनियर एम.आई.जी ।।, भवन क्रमांक - 22, को श्रीमती प्रमिला देवांगन पति श्री खुमान चंद देवांगन के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 17.10.2017 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती प्रमिला देवांगन पति श्री खुमान चंद देवांगन निवासीः- रावतपारा गली, आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री आलोक सिंह पिता श्री हरिहर सिंह एवं श्रीमती संगीता सिंह पति श्री आलोक सिंह निवासी आशानन्दपुर, सेमुही, रामपुर, जौनपुर (उत्तरप्रदेश) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित सिनियर एम.आई.जी-।।, भवन क्रमांक-22, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।


संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भवन ई.डब्ल्यू.एस. टाईप-1/82, को श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी पति श्री राजदीप द्विवेदी के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 21.12.2016 को लीजडीड (पट्टा- विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी पति श्री राजदीप द्विवेदी निवासीः- मिसिरगवां रींवा मध्यप्रदेश पिन 486331 (म.प्र.) के द्वारा उक्त भवन को श्री जयनारायण साहू पिता श्री धनेश साहू निवासीः- ग्राम एवं पोस्ट- भिलाई, थाना एवं तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस.टाईप- 1/82, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राठी दंपति को मिलेगा यूएसए में सम्मान



**रायपुर।** एनाहेम कैलिफोर्निया यूएसए में राठी दंपति मनोज कुमार राठी एवं शीतल राठी, अभिकर्ता का सम्मान होगा। भारतीय जीवन बीमा निगम रायपुर में नया कीर्तिमान बनाते हुए दोनों ने भारत में युगल दंपत्ति के रूप में प्रथम एमडीआरटी प्राप्त किया एवं अखिल भारतीय स्तर पर भी स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उन्होंने डीआर गजेंद्र एलआईसी एसोसिएट के नेतृत्व में प्राप्त किया। उनकी उपलब्धि पर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, विपणन प्रबंधक बुधराम, प्रबंधक विक्रय दिलीप सीथा, शाखा प्रबंधक बीके बिस्वास, सहायक शाखा प्रबंधक शिखा पांडे ने उन्हें बधाई दी है।

### जनेऊ संस्कार कार्यक्रम आज

**रायपुर।** तिलक नगर गुढ़ियारी स्थित विप्र उत्थान समिति सामूहिक भवन में 19 फरवरी को सामूहिक उपनयन संस्कार का कार्यक्रम रखा गया है।

## निधन

### कमला दुबे

**रायपुर।** अश्वनी नगर निवासी कमला दुबे तारसीव वाले (80) का 17 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 फ़रवरी को महादेव घाट श्मशानघाट में किया गया। वे चोवावाल दुबे की पत्नी और स्व. सुभाष शर्मा की माता थीं।



### हमीद क्रिरी

**रायपुर।** रायपुर संगीत समिति व रायपुर आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप संगीत जगत की जानीमानी हस्ती डायरेक्टर हमीद क्रिरी का इंतेकाल हो गया। वे संजय नगर के निवासी थे। उन्हें बैरन बाज़ार कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।



### अरविंद वरवंडकर

**रायपुर।** मारुति विहार, महोबा बाज़ार निवासी अरविंद वरवंडकर (89) का 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ. अजीत वरवंडकर व अंजली कुंभोजकर के पिता और डॉ. वर्षा वरवंडकर के ससुर थे।



### कुसुम यदु

**रायपुर।** मठपुरैना रावतपुरा कॉलोनी निवासी कुसुम यदु का 18 फरवरी को निधन हो गया। वे दिलीप यदु की पत्नी और तुलसी यदु की भाई बहु व रमेश, संतोष की भाभी और विजय यदु की माता थीं।



# बिल पास करने के लिए रिश्वत, कोर्ट से सजा, शासन ने कहा- इनका शासकीय सेवा में बना रहना अशोभनीय, हुए बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

एक शिक्षण संस्थान का बिल पास करने के एवज में रिश्वत लेने के दोषी पाए गए श्रम निरीक्षक को राज्य सरकार ने सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। आदेश में सरकार ने कहा है कि समस्त तथ्यों की परिस्थितियों का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि सुरेश कुर्रे का कृत्य जिसके लिये उन्हें दोषसिद्ध माना है, उन्हें शासकीय सेवा में रहना अशोभनीय बना देता है। रिश्वत लेने के दोषी सुरेश कुर्रे, श्रम आयुक्त संगठन के अंतर्गत कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला कोण्डागांव में श्रम निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे, इसी दौरान का यह मामला वर्ष 2019 का है। सुरेश कुर्रे पर एक एनजीओ द्वारा संचालित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के 6.30 लाख रुपये के लंबित बिल को पास करने के बदले 1.90 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप था। एन्टी करप्शन ब्यूरो ने 14 अक्टूबर 2019 को जाल बिछाकर उन्हें 40,000 रुपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) के तहत विशेष प्रकरण क्रमांक 01/2021 में यह दोषसिद्धि हुई है। मामले में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) जशपुर (छ०म०) द्वारा पारित निर्णय दिनांक 26 नवंबर 2025 के अंतर्गत दोषसिद्ध कर 03 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## दोष सिद्ध श्रम निरीक्षक बिना डीई के किए गए डिसमिस

### सेवा में बना रहना अशोभनीय

श्रम पदाधिकारी की बर्खास्तगी के आदेश में लिखा गया है कि समस्त तथ्यों की परिस्थितियों का अध्यन करने से स्पष्ट होता है कि सुरेश कुर्रे का कृत्य जिसके लिये उन्हें दोषसिद्ध माना है. उन्हें शासकीय सेवा में रहना अशोभनीय बना देता है, न्यायालय द्वारा दिया गया महादेश गंभीर आरोप भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 एवं संशोधन अधिनियम 2018 के धारा 7 के सबंध में है, जो तुच्छ प्रकृति का नहीं है, जिसके लिये अभियुक्त पर लघु शास्ति अधिरोपित की जा सके।



*1.90 लाख मांगे थे, 40 हजार रुपए लेते पकड़े गए*

### इसलिए कर रहे हैं बर्खास्त

आपराधिक प्रकरण के निर्णय जिसमे अभियुक्त कर्मचारी को 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है, जो गंभीर कदाचरण का कृत्य है, को देखते हुए अभियुक्त कर्मचारी सुरेश कुर्रे, श्रम निरीक्षक, कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला कोण्डागांव को उनकी सेवा से पदच्युत (डिसमिस) किया जाता है।

### विभागीय जांच की जरूरत भी नहीं

आदेश में कहा गया है कि आरोप का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1965 वो नियम 3(9) एवं (3) के अंतर्गत कदाचरण का कृत्य है। न्यायालय के निर्णय के प्रकाश में भ्रष्टाचार के कदाचरण के कृत्य के लिये अभियुक्त कर्मचारी सुरेश कुर्रे पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 में प्रावधानिक दीर्घ शास्ति अधिरोपित किया जाना उचित है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1906 के नियम 19 सहपठित नियम 14 एवं भारत के संविधान के अनुच्छेद 311(2) के अंतर्गत अभिमुक्त कर्मचारी के विरुद्ध विस्तृत विभागीय जाँच आवश्यक नहीं है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं का टोटा, एंटी रेबीज का मिल रहा एक डोज

# दवा निगम दे नहीं रहा लोकल पर्चेस की अनुमति इसलिए जरूरी दवाओं के लिए भटक रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





सर्दी-बुखार जैसी सामान्य बीमारियों का समाधान करने खोले गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इन दिनों आवश्यक दवाओं की कमी होने लगी है। यहां टिटनेस के इंजेक्शन मिल नहीं रहे हैं और एंटी रेबीज का पहला डोज ही मिल पा रहा है। मल्टी विटामिन, शुगर के मल्टीडोज और पेरासिटामाल की आवश्यक दवाओं के लिए मरीजों को निराश होना पड़ रहा है। सीजीएमएससी के पोर्टल में यह दवा उपलब्ध नहीं है और स्थानीय स्तर पर इसकी खरीदी की अनुमति नहीं मिल रही है। इसका खामियाजा यहां आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

- टिटनेस का इंजेक्शन, मल्टीविटामिन शुगर का मल्टी डोज, पेरासिटामाल का स्टॉक कम

मरीजों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज की जरूरी दवा नजदीक ही मिल सके, इसके लिए बड़ी संख्या में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। पिछले कुछ समय से यह हेल्थ सेंटर जरूरी दवाओं की किल्लत से जूझ रहे हैं। ऐसे में आने वाले मरीजों को दूसरी वैकल्पिक दवा अथवा दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में जाने की सलाह देनी पड़ रही है। सूत्रों के मुताबिक डॉग बाइट की घटनाओं में बड़ी कमी नहीं आ रही है, इसके मामले मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल से लेकर छोटे स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच रहे हैं।

पीएचसी यानी प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्र आने वाले ऐसे मरीज को पहला डोज लगाने के बाद दूसरी खुराक के लिए जिला अस्पताल अथवा दूसरे अस्पताल जाने की सलाह देनी पड़ रही है। इसी तरह लगने वाली चोट के बाद बैक्टीरिया संक्रमण को रोकने के लिए लगाया जाने वाला टिटनेस का इंजेक्शन भी इन स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद नहीं है। ऐसे मरीजों को जिला अथवा आंबेडकर अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पेरासिटामोल 500 एमजी और शुगर की दवा जिमिप्राइड 2 एमजी की कमी भी है। इसके जरूरतमंद मरीजों को बुखार के लिए 600 एमजी और मधुमेह के लिए 1 एमजी की दो टेबलेट खाने के लिए दी जा रही है। कुछ स्वास्थ्य केंद्रों उच्च रक्तचाप की दवा एमलोडिपिन की भी है। स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़े सूत्रों का कहना कि सीजीएमएससी इन दवाओं की सप्लाई नहीं दे रहा है और जरूरत होने के बाद भी जिला मुख्यालय स्तर पर इसकी स्थानीय खरीदी के लिए अनुमति नहीं दी जा रही है।

### टेक्निशियन पदस्थ पर मशीन इंस्टाल नहीं

*भाठागांव के हमर लैब में आने वाले मरीजों की एक्स-रे जांच की सुविधा दिया जाना है। एक्स-रे की मशीन चलाने के लिए यहां टेक्निशियन को पोस्टिंग कर दी गई है। मगर यहां सालों से रखी मशीन को इंस्टाल करने की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं की गई है। ऐसे ही कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में बिना डेंटल चेयर के डेंटिस्ट मरीजों की जांच कर उनका दवाओं के जरिए इलाज कर रहे है। कुछ स्थानों पर माइक्रोस्कोप मशीन नहीं होने की वजह यूरिन संबंधी सामान्य जांच नहीं हो पा रही है।*

### आवश्यकता होने पर अनुमति

*स्वास्थ्य केंद्र आवश्यकता के अनुसार दवाओं की डिमांड सीधे दवा निगम से करते हैं। दवाओं की कमी के बारे में जानकारी नहीं आई है। यदि कोई दवा स्टॉक में नहीं है, तो बेहद जरूरी होने पर उसकी खरीदी की अनुमति प्रदान की जाती है।*

*- डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ*

# संतोषीनगर, बोरियाखुर्द कौशिल्या विहार मार्ग को कराया अतिक्रमण मुक्त





हरिभूमि न्यू ▶▶ रायपुर

शहर के प्रमुख मार्गों के यातायात में बाधक बने ठेले, गुमटियों और सड़क घेरकर शेड निर्माण को हटाने टीम प्रहरी ने बुधवार को अभियान चलाया। इस दौरान संतोषीनगर, कौशिल्या विहार बोरियाखुर्द मार्ग पर अवैध रूप से लगाए जा रहे दो दर्जन ठेले जब्त किए। जोन 6 व 10 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय करने वाले दुकनादारों पर 10 हजार रुपए का ई चालान किया गया।

- 2 दर्जन ठेले जब्त, कब्जाधारी दुकानदारों पर 10 हजार रुपए का ई चालान

टीम प्रहरी ने आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने यातायात पुलिस और मुख्यालय उड़नदस्ता टीम के साथ मिलकर शहर के संतोषीनगर मुख्य मार्ग में सड़क के कब्जाधारी दुकानदारों पर कड़ाई बरती। अतिक्रमण विरोधी अभियान में पहले दुकानदारों को समझाइश दी जा रही है, कि वे सड़क पर सामान फैलाकर कब्जा न करें, इसके बाद भी सड़क पर सामान, ठेले व गुमटी लगाने पर समान जब्ती के साथ चालानी कार्रवाई कर उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी जा रही है।

बुधवार को निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित यातायात पुलिस प्रशासन, नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़नदस्ता, नगर निगम जोन 6 व जोन 10 की टीम शामिल रही।

# अस्पतालों में आयुष्मान से इलाज की अव्यवस्था बरकरार लंबित भुगतान पर नहीं बनी बात

हरिभूमि न्यू ▶▶ रायपुर

आयुष्मान योजना के माध्यम से निजी अस्पतालों में निशुल्क इलाज के दावे खोखले होने लगे हैं। मरीजों को इलाज से इंकार किया जा रहा है अथवा उनसे अतिरिक्त भुगतान की डिमांड की जा रही है। अस्पतालों की ओर शिकायत की जा रही है उन्हें लंबित राशि की छोटी किश्त ही मिली है और पांच सौ करोड़ रिलीज किए जाने के दावे भी गलत है।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना से निशुल्क इलाज का सपना शासकीय अस्पतालों में सीमित साधनों की वजह से पूरा नहीं हो रहा है। निजी अस्पतालों में पैकेज कम होने के नाम पर मनमानी जोरों पर है। पंजीकृत होने के बाद भी ज्यादातर बड़े अस्पतालों मरीजों के इलाज से इंकार कर रहे हैं। जिन अस्पताल में यह सुविधा दी जा रही है वहां अलग तरीके से मरीजों की जेब ढीली की जा रही है। छोटे पैकेज काटकर उनसे बीमारी के नाम पर बड़ा पैसा वसूला जा रहा है। अस्पतालों में आयुष्मान के हितग्राहियों और प्रबंधन के बीच अक्सर टकराव की स्थिति बन रही है। इसे दूर करने में स्वास्थ्य विभाग और स्टेट नोडल एजेंसी समन्वय नहीं बना पा रही है। अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शासन द्वारा लंबित भुगतान की प्रक्रिया को नियमित नहीं किए जाने की वजह से इस तरह की स्थिति बन रही है।

### हेम-पोर्टल में 100 फीसदी पंजीयन

इधर आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की इंपैनल्ड सूची में शामिल अस्पतालों के पंजीयन की प्रक्रिया सौ फीसदी पूरी हो गई है। अस्पतालों द्वारा इस पोर्टल में अपने मौजूदा संसाधन, डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की जानकारी सबमिट करनी थी। इस पोर्टल के सामने आने के दौरान बीस बेड के पीछे तीन डाक्टर और एक सर्जन विशेषज्ञ की तीन अस्पतालों में ड्यूटी का नियम विवाद का कारण बन गया था। बाद में स्पष्ट किया गया नर्सिंग होम चलाने वाले विशेषज्ञ डाक्टर की गिनती भी एमबीबीएस के रूप में होगी। इसके अलावा एक अन्य डाक्टर की उपस्थिति से काम चल जाएगा।

## जोन 9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड का मामला

# सफाई कर्मचारियों की संख्या कम, ठेकेदार पर ठोका जुर्माना

***जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने ठेकेदार संतोष सोनी पर 10 हजार का लगाया जुर्माना***



हरिभूमि न्यू ▶▶ रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने जोन स्तर पर मानिटरिंग की जा रही है। नगर निगम जोन 9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई में लापरवाही पाई गई। इसके साथ ही निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी पाए जाने सफाई ठेकेदार संतोष सोनी पर 10 हजार रुपए जुर्माना किया गया।

शहर की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने शहरी सरकार नगर निगम के दस जोनों स्थित 70 वार्डो में वार्ड स्तर की सफाई व्यवस्था की मानिटरिंग पर जोर दे रही है। आम नागरिकों के स्वास्थ्य और शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ भारत अभियान के तहत जोनवार औचक निरीक्षण की व्यवस्था बनाई गई है। निरीक्षण के दौरान वार्ड 7 में निर्धारित 38 सफाई कर्मचारी की तुलना में कम कर्मचारी डयूटी पर मिले। वार्ड में जगह-जगह गंदगी और लचर सफाई व्यवस्था को देखते हुए जोन स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे और स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में ठेकेदार को तत्काल नोटिस थमाया गया।

अनुबंधित ठेकेदार को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है कि वह वार्ड की सफाई व्यवस्था में सुधार लाए और अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे। इसके बाद भी अपेक्ख्ज्ञित सुधार नहीं मिलने पर निगम प्रशासन ठेकेदार का सफाई ठेका निरस्त करने जैसा कदम उठा सकता है।

# महिला को ढाल बनाकर मादक पदार्थ की तस्करी, 10 किलो गांजा जब्त

## एक अन्य मामले में दो फरार तस्कर गिरफ्तार पुलिस से बचने जमीन में हेरोइन चिट्टा छिपाकर रखे थे

हरिभूमि न्यू ▶▶ रायपुर

राजधानी के साथ ग्रामीण पुलिस इन दिनों मादक पदार्थ की तस्करी रोकने लगातार कार्रवाई कर रही है। मादक पदार्थ की तस्करी में एक नया पैटर्न सामने आया है, जिसमें स्थानीय के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर मादक पदार्थ की तस्करी में पुलिस को चकमा देने महिलाओं को ढाल बना रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में क्राइम ब्रांच ने मध्यप्रदेश के साथ एक स्थानीय युवती को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो गांजा जब्त किया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने हेरोइन चिट्टा तस्करी के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात ग्राम चिट्टा जब्त किया है।

क्राइम ब्रांच पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावणभाठा मैदान में खमतराई निवासी खिलेश्वरी वर्मा तथा मध्यप्रदेश, शहडोल निवासी इसरत बानो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा जब्त किया है। बताया जा रहा है, मध्यप्रदेश की तस्कर इसरत को पैसों का लालच देकर रायपुर से गांजा डिलीवर कर लाने के लिए कहा था। स्थानीय तस्कर युवती को गांजा देने स्थानीय युवती को भेजा।



### पुलिस से बचने हेरोइन चिट्टा को जमीन में गाड़ दिया

कबीर नगर थाने की पुलिस ने 25 दिसंबर 2025 को कार्रवाई करते हुए हरप्रीत कौर तथा उसके पति जोधा सिंह को गिरफ्तार कर 24 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त किया था। दंपति की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर हेरोइन चिट्टा की तस्करी में लिप्त भिलाई, सुपेला निवासी सुखराज सिंह तथा सुंदर नगर निवासी सत्यम चंद्राकर फरार हो गए। दो फरार तस्करों के बारे में पतासाजी कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर तस्करों ने बताया कि पुलिस से बचने उन लोगों ने खारुन नदी रेलवे ब्रिज के नीचे जमीन में गड्ढा कर हेरोइन चिट्टा को छिपाकर रख दिया है। दोनों तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने हेरोइन चिट्टा जब्त किया है।

## पेज 9 के शेष ...

### संडे बाजार के लिए नई नियमावली, सुबह...

लगता है, जिससे रविवार को इस मार्ग का यातायात पूरी तरह प्रभावित हो रहा था। नई व्यवस्था से न केवल लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यवसायिओं का सत्यापन हो सकेगा। यह कदम रायपुर की स्वच्छता और सुगम यातायात के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### ईओडब्लू-एसीबी चीफ एएसपी...

बयान से जुड़ा मुद्दा उठाया गया था, लेकिन इस अदालत को उस पर सुनवाई करने का अधिकार नहीं है। इसीलिए शिकायत खारिज की जाती है।

### सर्वे एवं जांच कर...

(एनओसी) लेना होती है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार पर्यावरण विभाग में आवेदन करते हैं। बताया जा रहा है कि खनिज विभाग से अनुबंध होने के बाद ठेकेदारों ने एनओसी के लिए पर्यावरण विभाग में आवेदन भी किए हैं। इन आवेदनों के आधार पर पर्यावरण विभाग द्वारा संबंधित खदान का सर्वे कर जांच की जाती है कि रेत उत्खनन किए जाने से नदी, पर्यावरण तथा खदान से लगे गांव या रहवासियों को किसी भी प्रकार का नुकसान तो नहीं होगा। इस सर्वे और जांच के बाद भी पर्यावरण विभाग के नियमों के तहत ही खदान में उत्खनन करने की अनुमति दी जाती है।

### आरटीओ एजेंट को किया...

शेखावत बताते हुए अपने आपको मुंबई एसीबी का डीसीपी बताया। झांसा में लेने के बाद जालसाज ने शरद को उसके अकाउंट से आपराधिक लेन-देन होने का झांसा देते हुए मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने का झांसा दिया।

सात प्रकरण में छह करोड़ से ज्यादा की ठगी -

रेंज साइबर पुलिस डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के छह प्रकरणों की जांच कर रही है। शरद तिवारी के साथ ठगी का सातवां प्रकरण है। रेंज साइबर पुलिस जिन छह डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के प्रकरणों की जांच कर रही है, उन मामलों में 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर छह करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। ठगी के इन प्रकरणों में रेंज साइबर पुलिस ने एक करोड़ 12 लाख रुपए होल्ड कराया है। जितनी रकम होल्ड कराई गई है, उसमें से एक करोड़ 10 लाख रुपए से ज्यादा की राशि पीड़ितों को वापस मिल गई है।

### छत्तीसगढ़ में राज्यसभा...

कार्यक्रम के अनुसार राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन के लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। नाम-निर्देशन पत्र 5 मार्च तक दाखिल किये जा सकेंगे। 6 मार्च को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। अभ्यर्थी 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। 16 मार्च को प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक मतदान होगा तथा उसी दिन सायं 5 बजे से मतगणना प्रारंभ की जाएगी। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया 20 मार्च तक पूर्ण कर ली जाएगी।

## कालीबाड़ी की ओर जाने वाले चालकों को ग्रीन सिग्नल ही दिखाई नहीं दे रहा

# सिग्नल पोस्टर से ढका, यह मार्ग नो फ्लैक्स जोन घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम प्रशासन ने राजधानी रायपुर के आधा दर्जन प्रमुख मार्गों को नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है। इन मार्गों पर किसी भी सरकारी संपत्तियों या सड़क पर बैनर-पोस्टर लगाना मना है। इसके बाद भी लोग इस नियम का न केवल उल्लंघन कर रहे हैं, ब्लकि सरकारी संपत्तियों पर भी बैनर-पोस्टर भी लगा रहे हैं। हद तो यह हो गई जब शहर का प्रमुख कालीबाड़ी चौक पर सिग्नल बत्ती पर ही कुछ लोगों ने एक बड़ा पोस्टर लगा दिया है। इसके कारण पुलिस लाइन से कालीबाड़ी की ओर जाने वाले वाहन चालकों को ग्रीन सिग्नल ही दिखाई नहीं दे रहा है। इस पोस्टर को न ही हटाया जा रहा है और न ही लगाने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है।




### सिग्नल पर तीन-चार दिन से टंगा हुआ है पोस्टर

कालीबाड़ी चौक स्थित सिग्नल पर एक बड़ा पोस्टर टांगा गया है। यह पोस्टर एक महानाट्य जाणता राजा कार्यक्रम का है, जो 19 से 22 फरवरी तक साइंस कॉलेज मैदान में होने वाला है। इस पोस्टर को सिग्नल बत्ती पर इस तरह से टांगा गया है, जिसके कारण सिग्नल पर जलने वाली ग्रीन बत्ती ही ढक गई है। वाहन चालकों को भी ग्रीन बत्ती स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही है। इसके कारण कई वाहन चालक बिना सिग्नल देखे ही रोड क्रास कर रहे है।

### इन मार्गों पर लगा है प्रतिबंध

*नो फ्लैक्स जोन घोषित मार्ग पर जीई रोड टाटीबंध चौक से जयस्तभ चौक होते हुए तेलीबांधा थाना मुख्य मार्ग, पचपेड़ीनाका चौक से लालपुर ओव्हर ब्रिज तक, भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए केनाल रोड सिग्नल तक एवं मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइन के आसपास, एनआईटी रायपुर से गोल चौक होते हुए रायपुरा चौक तक, जयस्तम्भ चौक से कोतवाली चौक होते हुए बिजली ऑफिस चौक तक तथा महिला थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक मार्ग शामिल है। इन सभी मार्ग पर बगैर अनुमति के होर्डिंग्स, बैनर-पोस्टर लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाना है।*

खबर संक्षेप

## पुलिस ने इस्तगासा पर तीन पर की कार्रवाई

**अभनपुर।** थाना अभनपुर में दर्ज इस्तगासा पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएनएसएस धारा 170, 126, 135(3) के तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें टोकेंद्र बया पिता झग्गू राम बया, उम्र 21 वर्ष, थनेश ध्रुव पिता गणेश ध्रुव, उम्र 24 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम खोला अभनपुर, जनक सोनवानी पिता प्रेमलाल सोनवानी, उम्र 33 वर्ष, निवासी छोटे उरला का नाम शामिल है। मामले में आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय अभनपुर में पेश करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है

## पोस्टर स्पर्धा में आर्यन को मिला द्वितीय स्थान

**कूंरा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुँरा के कक्षा 11वी गणित के छात्र आर्यन वर्मा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जिला रायपुर के छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के मार्गदर्शन में पीएमश्री पं. आर. डी. तिवारी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवम मोमेंटो प्रदान किया गया। संस्था की प्राचार्या सुजाता बहल ने बताया कि आर्यन के साथ-साथ विद्यालय की पायल वर्मा ने नवाचारी आईडिया एवम पायल साहू ने पोस्टर प्रतियोगिता में सहभागिता प्रस्तुत की जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र मिले।

## ग्राम गिरोला के रंगकर्मी ने दिल्ली में शानदार प्रस्तुति दी

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाते हुए अभनपुर क्षेत्र के ग्राम गिरोला के युवा रंगकर्मी चंद्रहास बघेल ने राजधानी दिल्ली में अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारत रंग महोत्सव में उनके नाटक लोक नाट्य नाचा फैशन शो का मंचन दिल्ली के ओपन एयर थिएटर में किया गया। इस नाटक में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नाचा शैली को आधुनिक रूप में प्रस्तुत करते हुए लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति की जीवंत झलक दिखाई गई। दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। चंद्रहास बघेल, जो बाइसन कला फाउंडेशन के माध्यम से लोक कला के संरक्षण में सक्रिय हैं, की इस उपलब्धि से अभनपुर और गिरोला सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## भाजपा सरकार के शुष्क दिवस के निर्णय की निंदा

**सिलयारी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा नई आबकारी नीति के तहत होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस (30 जनवरी) को शुष्क दिवस की सूची से हटाए जाने के फैसले की तीखी निंदा की है।श्री बंजारे ने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की राजस्व की भूख को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। पहले कभी किसी सरकार ने इतनी खुलेआम शराब को बढ़ावा देने का प्रयास नहीं किया। होली जैसे पवित्र और रंगों के त्योहार पर शराब दुकानें खुली रखने से दंगा-फसाद, मारपीट, कानून-व्यवस्था बिगड़ने और समाज में अशांति फैलने की पूरी संभावना बढ़ जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि महात्मा गांधी जी के निर्वाण दिवस पर भी शराब दुकानें खुली रखी गईं, जो आजादी के बाद पहली बार देखने को मिला है। यह भाजपा का असली चाल, चरित्र और चेहरा है। सिर्फ राजस्व कमाने के लिए भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ को नशे में डुबोना चाहती है, युवाओं और परिवारों को बर्बाद करना चाहती है।

## विद्यार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें : रवि

**आरंग।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्सुकता के साथ तनाव का माहौल भी है। इस संबंध में महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रीवा के भौतिक शास्त्र व्याख्याता रवि कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को अंतिम समय की तैयारी व तनाव प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।उन्होंने कहा कि भौतिक शास्त्र अवधारणात्मक विषय है, इसलिए नए अध्याय पढ़ने के बजाय पूर्व में पढ़े गए पाठों की पुनरावृत्ति पर ध्यान दें।

# कूंरा के न्योता भोज में विधायक शर्मा ने परोसा भोजन और बच्चों ने कहा जय छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

■ बच्चों के चेहरों पर अपने क्षेत्र के जन-प्रतिनिधि को इतने करीब पाकर एक अलग ही चमक और खुशी दिखाई दे रही थी

नगर पंचायत कुरा स्थित प्राथमिक शाला में आज उस वक्त एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब विधायक और लोकप्रिय कलाकार अनुज शर्मा बच्चों के बीच बैठकर उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन परोसते नजर आए। अवसर था ,कृषक सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव द्वारा आयोजित 'नेवता भोज' के महाआयोजन का, जिसने सामुदायिक सहभागिता और अपनत्व की एक नई



### संस्कारों और सहभागिता का प्रतीक है नेवता भोज : विधायक शर्मा

**इनकी भी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू ,जनपद अध्यक्ष शकुंतला सेन,किसान नेता चंद्रशेखर शुक्ला,कृषक सेवा समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, शिक्षा विभाग के अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा,पूर्व पार्षद योगेश साहू,पूर्व पार्षद मोहन प्रजापति, चुम्मन सिंह चौहान, भूपेंद्र कसार, पूर्व सरपंच हेमंत वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष कौशल साहू, दिलीप साहू, श्रीमती अंजली गुप्ता, किरण पटेल,श्रीमती हेमिन साहू,जितेंद्र पांडेय, दिनेश घमफोरिया सहित स्कूल के शिक्षक गण सहित आम नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

मिसाल पेश की। आयोजन के दौरान पूरा परिसर 'जय छत्तीसगढ़' के नारों और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंजता रहा। यह आयोजन न केवल एक सामूहिक भोज बनकर उभरा, बल्कि इसने जन-प्रतिनिधियों और जनता के बीच के फासले को कम करने का भी कार्य किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत कुरा में विधायक अनुज शर्मा का स्वागत पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। आयोजन की खास बात यह रही कि विधायक ने न केवल बच्चों के साथ समय बिताया, बल्कि स्वयं कतारों में लगकर बच्चों की थालियों में गरम भोजन परोसा। बच्चों के चेहरों पर अपने क्षेत्र के जन-प्रतिनिधि को इतने करीब पाकर एक अलग ही चमक और खुशी दिखाई दे रही थी।

### रंग-पिचकारी के थोक बाजार में ग्राहकों की रौनक, इस बार आई हैं खास पिचकारियां

# होली में छतरी खोलते ही होगी रंगों की वर्षा, आकर्षक हैं मार्डन पिचाकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

रंगों के त्योहार होली में इस बार बच्चे और युवा छतरी लेकर घूमते नजर आएंगे, छतरी धूप या बारिश से बचने के लिए नहीं.बल्कि दोस्तों को रंग मैं रंगने के लिए होगी, मजेदार बात तो यह है कि यह छतरी खुलने पर दूसरों पर तोफव्वारे की तरह रंग बरसेगी, लेकिन जब सामने वाला अपनी पिचकारी से छतरी वाले दोस्त को रंग लगाने पिचकारी को दबाएगा तो छतरी रंग को रोक लेगी। इसके अलावा, अलग-अलग होली के गानों के साथ रंग उड़ेंनने वाली गन, सिलेंडर वाली गुलाल पिचकारी, पुष्पा वाली कुल्हाड़ी,त्रिशूल पिचकारी.और डिस्को लाईट पिचकारी जैसी कई नई वैराटियों में पिचकारी देखने को मिलेगी।

होली में अभी 15 दिन बचे हुए हैं। लेकिन थोक बाजार में होली के सामानों की लेवाली अब अतिम चरणों में है व्यापारियो के मुताबिक इस बार थोक बाजार अच्छा चल रहा है.चिल्लर विक्रेताओं ने पिचकारी रंग गुलाल मुखोटो की खरीदारी लगभग पूरी कर ली है। कुछ दुकानदार अभी भी खरीदारी करने में लगे हुए हैं । ऐसे इस बार दुकानदार उत्साहित दिख रहे हैं। जीएसटी में स्लेब घटाए जाने से रंग-गुलाल और पिचकारियों के कीमत में 10 से 15% की कमी आई है। ऐसे होली बाजार में पिचकारियों की बहुत सारी नई वैराइटियां आई है। जो बच्चों और युवाओं को आकर्षित करेगी।





### अनार व बम फटते ही उड़ेगा रंग-गुलाल

रंग विक्रेता विक्की पंजवानी ने बताया कि इस बार रंग-गुलाल वाले अनार एवं बम खास हैं जिन्हें चलाने पर रोशनी की जगह रंग-गुलाल उड़ेगा। इसके अलावा होली खेलने के लिए रंगों से होली के स्लोगन लिखी सफेद टीशर्ट, राजस्थानी पगड़ी, बच्चों के वाइल्ड लाइफ एनीमल एवं एनीमल एवं हॉरर फेस मास्क, हैप्पी होली लिखे कैप, डिफरेंट वैरायटी के स्नो स्प्रे, मलिंगा बाल, हर्बल कलर एवं गुलाल बाजार में आए हुए हैं।

पिचकारी विक्रेता रवि मोटवानी ने बताया कि लोग सिर्फ हर्बल रंगों की डिमांड कर रहे हैं। केमिकल रंगों के खरीदार बहुत ही कम हैं। इस बार गुलाल वाली पिचकारियां की डिमांड खूब हो रही है। जिनमें गुलाल भरकर उड़ाया जा सकेगा। बाजार में चाइना की पिचकारियां पूरी तरह से गायब हैं एवं मेक इन इंडिया के तहत देश में बनी पिचकारियां ही बाजार में बिकने आई हैं।

ऐसे होली पर हर साल कुछ न कुछ खास प्रकार की नई पिचकारियां एवं रंग बाजार में आते हैं। इस बार होली पर छतरी वाली पिचकारी की होली में सबसे अधिक मांग रहेगी। इस छतरी से निकलने वाली रंगो के फव्वारे लोगो को रंगो से नहलाकर रंगीन कर देगी। ये छतरी सामने वाले को तो अपने रंग के रंग में लाल कर देगी लेकिन जब आप छतरी से रंग बौछार करने वाले पर रंग डालेंगे तो छतरी उसे रंग लगने से बचा लेगी। इस टू इन वन छतरी की कीमत बाजार में 500 है।

इसी तरह बच्चों के लिए फोर्स गन बाजार में आई है। दोनाली बंदूक की तरह दिखने वाली इस पिचकारी पर टेलिस्कोप लगा हुआ है। इसकी खास बात ये है कि इसका ट्रिगर दबाने पर दोनाली से रंग की दो धार तो निकलेंगी ही साथ ही होली के फिल्मी गाने भी सुनाई देंगे। इसमें होली के 3 गाने रंग बरसे, अंग से अंग लगाना एवं आज न छोड़ेंगे रंगों की धार के साथ सुनाई देंगे।छोटे बच्चों को मोटू पतलू और एयर गन की पिचकारियां खूब भाएगी । इसके अलावा, सिलेंडर वाली गुलाल पिचकारी, पुष्पा वाली कुल्हाड़ी, त्रिशूल पिचकारी.और डिस्को लाईट पिचकारी जैसी कई नई वैराटियों में पिचकारी देखने को मिलेगी।इनकी कीमत 200 से 400 रूपए तक है .हलाकि बाजार में 25से 40 रुपयों में भी गन वाली पिचकारी मिल जाएगी लेकिन फैंसी वैरायटी में 100 से 800 रूपए कीमत तक पिचकारी बिक रही है । जबकि मोदी वाली छोटी पिचकारी 150 रुपये में और बड़ी पिचकारी 220 रुपये में मिल रही है। बेलन पिचकारी 140 रुपये, त्रिशूल पिचकारी 200 रुपये और कुल्हाड़ी वाली पिचकारी 150 रुपये में बिक रही है। इस साल बच्चों में मोदी-योगी मुखौटेज्यादा लोकप्रिय है।

# पालिका की छह माह से बैठक नहीं हुई, पार्षदों ने दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

■ हम आंदोलन के लिए मजबूर होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी नपा प्रशासन की होगी

नगर पालिका परिषद आरंग में पिछले छह महीनों से सामान्य सभा की बैठक न होने के कारण शहर के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।

इस प्रशासनिक शिथिलता से नाराज होकर कांग्रेस पार्षदों ने बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अध्यक्ष के नाम एक तीखा ज्ञापन सौंपा है। पार्षदों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 5 दिनों के भीतर बैठक नहीं बुलाई गई, तो वे नगर पालिका स्थित छ.ग. महतारी प्रतिमा के पास उग्र धरना प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस पार्षदों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, पिछले 6 माह से परिषद की बैठक नहीं हुई है। इसका सीधा असर जनता से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं पर पड़ रहा है। बैठक के अभाव में नामांतरण, पेंशन योजना, वार्ड विकास के कार्य जैसे महत्वपूर्ण काम नहीं हो रहे है। कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि उन्होंने पहले भी मौखिक और लिखित रूप में बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 23 जनवरी 2026 को अध्यक्ष द्वारा 10 दिनों के भीतर बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज (18 फरवरी 2026) तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसे जनप्रतिनिधियों और जनता के प्रति प्रशासन की उदासीनता माना जा रहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में नेता प्रतिपक्ष शरद गुप्ता (जीतू), पार्षद दीक्षा सूरज सोनकर, खिलावन निषाद, समीर सागीर गोरी और ईश्वर पटेल शामिल हैं। कांग्रेस पार्षदो का कहना है 6 महीने से बैठक न होना जनता के साथ अन्याय है। यदि अगले 5 दिनों में सामान्य सभा की तिथि घोषित नहीं की गई, तो हम आंदोलन के लिए मजबूर होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

# रिसर्च मेथाडोलॉजी पर हुई राष्ट्रीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में 16 से 28 फरवरी तक कॉमर्स विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रिसर्च मेथाडोलॉजी संपन्न हुई। कार्यशाला के प्रथम दिवस में शा.पं.श्यामा चरण कॉलेज डॉ. सुनीता दुबे ने रिसर्च के आधार एवं टॉपिक चयन पर व्याख्यान दिया। द्वितीय दिवस पर राजकोट गुजरात की डॉ. कार्वी राठौर ने शोध पद्धति के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। अंतिम दिवस पर डॉ. राजीव चौधरी ने डाटा एनालिसिस एवं डिसर्टेशन राइटिंग पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार शुक्ला,डॉ मोना चौहान,क्रीडाधिकारी वीरेन्द्र कुमार जांगड़े व विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापक सहित सैकड़ो प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।

# सपने देखने के लिए आंखों की नहीं हौसलों की उड़ान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

■ दिव्यांग अभिनंदन नशीने ने मेहनत और संगीत से लिखी सफलता की नई कहानी

जब परिस्थितियाँ साथ न दें तो अक्सर लोग अपने सपनों से समझौता कर लेते हैं। आरंग ब्लॉक के ग्राम पंचायत रीवा (लखौली) के युवा साथी सुरेंद्र नशीन (अध्यक्ष सहकारी सोसायटी रीवा) के पुत्र अभिनंदन नशीने ने यह साबित कर दिया कि सपनों को देखने के लिए आँखों से अधिक ज़रूरी हौसला होता है। दृष्टि दिव्यांगता को कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाकर उन्होंने आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की ऐसी मिसाल पेश की है, जो समाज के लिए प्रेरणा बन गई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मठपुरैना स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में वर्ष 2006 में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले अभिनंदन ने वर्ष 2019 में बारहवीं परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालयीन दिनों में वे स्कूल के ऑर्केस्ट्रा ग्रुप 'रोशनी' के सक्रिय सदस्य रहे। मंच पर उनकी मधुर आवाज़ गूंजती तो श्रोताओं की तालियाँ उनकी लगन और प्रतिभा की साक्षी बन जाती थीं। संगीत के प्रति उनका समर्पण लगातार बढ़ता गया और यही उनकी पहचान बन गया। संगीत को ही अपना लक्ष्य बनाकर उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से संगीत विषय में स्नातक की शिक्षा पूर्ण की। कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपने हुनर को निखारा और आज वे



उसी शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में संगीत शिक्षक के रूप में सेवाएँ दे रहे हैं, जहाँ कभी स्वयं विद्यार्थी थे। यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि समावेशी शिक्षा और राज्य सरकार की सशक्तिकरण नीतियों की सकारात्मक परिणति भी है। वर्तमान में अभिनंदन दृष्टि दिव्यांग बच्चों को विधिवत संगीत शिक्षा दे रहे हैं। उनके लिए वे केवल शिक्षक नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत भी हैं। उनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दे रहे हैं। उनके प्रयासों से बच्चों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हो रहा है। अभिनंदन द्वारा संचालित अभिनंदन म्यूज़िकल परिवार ऑर्केस्ट्रा समूह भी दिव्यांग कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। यह समूह विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सकारात्मक संदेश दे रहा है। मोहला-मानपुर ज़िले में समाज कल्याण विभाग के कार्यक्रमों के लिए उन्होंने जागरूकता गीतों की रचना कर यह भी दर्शाया कि उनका संगीत समाज की संवेदनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। अभिनंदन की जीवन यात्रा यह संदेश देती है कि सीमाएँ शरीर की हो सकती हैं, लेकिन इरादों की नहीं। दृढ़ विश्वास, सतत परिश्रम और सकारात्मक सोच से हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। आज वे उन बच्चों के जीवन में उम्मीद की किरण बन चुके हैं, जो कभी अपनी परिस्थितियों से निराश हो जाते थे। उनका संघर्ष और सफलता सचमुच इस बात का प्रमाण है कि यह संयोग नहीं, बल्कि संकल्प की जीत है।

# गांजा व प्रतिबंधित टेबलेट किया जब्त, एक आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

■ ऑपरेशन निश्चय के तहत पुलिस नशे के खिलाफ कार्रवाई जारी

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन निश्चय"के तहत तिल्दा पुलिस ने नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 02 किलो 250 ग्राम गांजा, 480 नग प्रतिबंधित टबलेट (नाइट्रोसन) की गोलिया बेचते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1 नग आईफोन के साथ- बाइक भी जप्त की है,15 दिन तिल्दा पुलिस की ये दूसरी बड़ी कार्रवाई है। तिल्दा में सूखे नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी को ढाई किलो गांजा और नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है ..15 दिन तिल्दा पुलिस की ये दूसरी बड़ी कार्रवाई है..इसके पहले लाखों रुपयों के गांजे और नशीली टेबलेट के साथ बेचने के लिए रखे गए 3 बड़े बटनदार चाकू के साथ एक महिला को उसके घर गिरफ्तार किया था ।

पुलिस ने बताया की तिल्दा नेवरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मोटर सायकल स्पेलेंडर क्रमांक सीजी 04 पी.सी. 3397 में एक युवक अपने पीठ पर एक काले रंग के पीठू बैग रखा है,जिसके अंदर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली प्रतिबंधित टेबलेट रखकर बिक्री करने हेतु सासाहोली से अंडरब्रिज से होकर तिल्दा की ओर आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रीय हो गई और मुखबिर के बताए अनुसार तत्काल मौके पर पहुँच घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकड लिया। पुलिस को पूछताछ मे युवक ने अपना नाम हर्ष सोनी पीता का नाम मोन्टू उर्फ मन्टू सोनी उम्र 20 साल निवासी वार्ड 22 तिल्दा का रहने वाला बतया।

पुलिस को पीठू बैग की तलाशी के दौरान मादक पदार्थ गांजा, प्रतिबंधित टेबलेट रखे मिला। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह गांजा और टेबलेट की बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाशमें निकला था । पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा, प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, जप्त कर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 20(बी), 22(सी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उनके परिजनों को सुचना देकर उसे विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया। गांजा और टेबलेट कहा से लाया गया .और कहा बेचने जा रहा था पुलिस ने नही बतया है।

डीएसपी वीरेंद्र चतुरवेदी ने बताया नाहे के खिलाफ पुलिस का अभियान जरी रहेगा।पुलिस के द्वरा की जा रही लगातार कार्रवाई के बाद से सुखा नशे का व्यापार करने वाले दहशत में है।

## पेज 09 के शेष ...

### संडे बाजार के लिए नई ...

लगता है, जिससे रविवार को इस मार्ग का यातायात पूरी तरह प्रभावित हो रहा था। नई व्यवस्था से न केवल लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यवसायिओं का सत्यापन हो सकेगा। यह कदम रायपुर की स्वच्छता और सुगम यातायात के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### ईओडब्लू-एसीबी चीफ ...

बयान से जुड़ा मुद्दा उठाया गया था, लेकिन इस अदालत को उस पर सुनवाई करने का अधिकार नहीं है। इसीलिए शिकायत खारिज की जाती है।

### सर्वे एवं जांच कर...

(एनओसी) लेना होती है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार पर्यावरण विभाग में आवेदन करते हैं। बताया जा रहा है कि खनिज विभाग से अनुबंध होने के बाद ठेकेदारों ने एनओसी के लिए पर्यावरण विभाग में आवेदन भी किए हैं। इन आवेदनों के आधार पर पर्यावरण विभाग द्वारा संबंधित खदान का सर्वे कर जांच की जाती है कि रेत उत्खनन किए जाने से नदी, पर्यावरण तथा खदान से लगे गांव या रहवासियों को किसी भी प्रकार का नुकसान तो नहीं होगा। इस सर्वे और जांच के बाद भी पर्यावरण विभाग के नियमों के तहत ही खदान में उत्खनन करने की अनुमति दी जाती है।

### आरटीओ एजेंट को किया ...

शेखावत बताते हुए अपने आपको मुंबई एसीबी का डीसीपी बताया। झांसा में लेने के बाद जालसाज ने शरद को उसके अकाउंट से आपराधिक लेन-देन होने का झांसा देते हुए मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने का झांसा दिया।

***सात प्रकरण में छह करोड़ से ज्यादा की ठगी :*** रेंज साइबर पुलिस डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के छह प्रकरणों की जांच कर रही है। शरद तिवारी के साथ ठगी का सातवां प्रकरण है। रेंज साइबर पुलिस जिन छह डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के प्रकरणों की जांच कर रही है, उन मामलों में 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर छह करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। ठगी के इन प्रकरणों में रेंज साइबर पुलिस ने एक करोड़ 12 लाख रुपए होल्ड कराया है। जितनी रकम होल्ड कराई गई है, उसमें से एक करोड़ 10 लाख रुपए से ज्यादा की राशि पीड़ितों को वापस मिल गई है।

### छत्तीसगढ़ में राज्यसभा...

कार्यक्रम के अनुसार राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन के लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। नाम-निर्देशन पत्र 5 मार्च तक दाखिल किये जा सकेंगे। 6 मार्च को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। अभ्यर्थी 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। 16 मार्च को प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक मतदान होगा तथा उसी दिन सायं 5 बजे से मतगणना प्रारंभ की जाएगी। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया 20 मार्च तक पूर्ण कर ली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वित्तीय अनियमितता की जांच और एफआई करने सीडीबीई की मांग

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ डायसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन (सीडीबीई) के प्रतिष्ठित सालेम इंग्लिस स्कूल में चल रहा वित्तीय विवाद अब केन्द्र में आ गया है। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य और उनके कार्यकाल से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर पुलिस कमिश्नर रायपुर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज करवाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी है। डायोसिस प्रशासन के अनुसार संस्था द्वारा गठित विभागीय जांच समिति की रिपोर्ट में 2.50 से 3 करोड़ तक की वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई गई है। रिपोर्ट में विद्यालय निधि के उपयोग में गड़बड़ी, लेखा अभिलेखों में हेराफेरी, कर्मचारियों के ईपीएफ की राशि समय पर जमा न किए जाने का आरोप है। संस्था का दावा है कि कर्मचारियों की भविष्य निधि से संबंधित लगभग 1.80 करोड़ की लंबित राशि को बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप से चरणबद्ध तरीके से जमा कराया गया, इससे कर्मचारियों को राहत मिली।

### कुरुद-अभनपुर के बीच ब्राड गेज पर स्पीड ट्रायल



**रायपुर**। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के कुरुद से अभनपुर के बीच 22 किलोमीटर नई ब्रॉड गेज लाइन का स्पीड ट्रायल स्पेशल ट्रेन से कमिश्नर ऑफ़ रेलवे सेफ्टी (रेल संरक्षा आयुक्त) दक्षिण पूर्व सर्कल, कोलकाता के द्वारा किया गया । कुरुद से अभनपुर के बीच स्पीड 110 किलोमीटर प्रति घंटे से इसका निरीक्षण किया गया । कुरुद से स्पेशल ट्रेन 16:22 बजे शुरू होकर अभनपुर 16:40 बजे पहुंची और इस दौरान कुरुद से अभनपुर के बीच 22 किलोमीटर की दूरी लगभग 18 मिनट मे पूरा किया गया। इस स्पीड ट्रायल के दौरान कमिश्नर ऑफ़ रेलवे सेफ्टी (रेल संरक्षा आयुक्त) दक्षिण पूर्व सर्कल/कोलकाता ब्रिजेश कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद सहित मंडल शाखा अधिकारी उपस्थित रहे ।

### छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट संघ की हुई वार्षिक बैठक



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ की वार्षिक बैठक बिलासपुर के निजी होटल में बुधवार को हुई। प्रदेश के मुख्य कार्यकारिणी एवं 14 जिले के अध्यक्ष, सचिव ने भाग लिया। यह बैठक छत्तीसगढ़ पैरा स्विमिंग संघ के महासचिव सूरज यादव के मार्गदर्शन में की। बैठक में महासचिव शेख समीर ने विगत वर्ष की कार्य गतिविधि की जानकारी दी। साथ ही आगामी वर्ष की कैलेंडर जारी की गई। इसके अलावा बैठक में बैठक में रविंद्र सिंह, मनीष बाग, ममता पांडे, एम रत्नाकर, मनीष निषाद, सबीहा शेख, खुशबू पांडे एवं कुंवर सिंह, शेख अरबाज अली, बरुण बाग, अभिषेक देवांगन एवं सूर्यकांत वर्मा, बी.बल्बिनी राव आदि उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट धड़कन... 14 बच्चों की लौटी मुस्कान, 15 को जल्द मिलेगी हृदय रोग से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आंगनबाड़ी, स्कूलों में जाकर हृदय रोग से पीड़ित 14 बच्चों की पहचान कर स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें बीमारी से मुक्ति दिलाई है। सात महीने में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर के दौरान करीब 65 हजार बच्चों की जांच कर हृदय रोग से पीड़ित 29 बच्चों की पहचान की गई है।

हरिभूमि सरोकार

14 बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौटने में सफल हुई टीम जल्दी ही चिन्हांकित अन्य 15 बच्चों का इलाज करवाकर उन्हें शारीरिक समस्याओं से मुक्ति दिलाएगी। स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन की मदद से जुलाई से प्रोजेक्ट धड़कन अभियान को पूरा कर रहा है।





- आगंनबाड़ी, स्कूलों में जाकर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को तलाश रही विभागीय टीम
- सत्यसाईं संजीवनी और निजी अस्पतालों में हो रहा पीड़ितों का निशुल्क इलाज

इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम आगंनबाड़ी और शासकीय स्कूलों में जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रही है। जिन बच्चों में शारीरिक समस्या का पता चलता है, तो उनके परिवार से संपर्क कर कारणों का पता लगाया जा रहा है।

संदेह गहराने पर चिकित्सकीय जांच के माध्यम से बीमारी की पुष्टि कर बच्चों को नवा रायपुर के सत्यसाईं संजीवनी अथवा अन्य निजी अस्पतालों में ले जाकर ऑपरेशन के जरिए उनकी शारीरिक परेशानी दूर कराई जा रही है। विभागीय टीम बीते सात महीने में रायपुर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर 65 हजार से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग कर चुकी है। बच्चों की सेहत से जुड़े इस स्वास्थ्य अभियान को कलेक्टर डा. गौरव सिंह और जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी की निगरानी में पूरा किया जा रहा है।

**केस-1**

*चंगोराभाठा में रहने वाले आटो चालक प्रशांत यादव की तीन साल की बेटी नम्रता के हृदय रोग की पहचान मोहल्ले के आगंनबाड़ी केंद्र में हुई थी। प्रोजेक्ट धड़कन की टीम ने प्राथमिक जांच के बाद बीमारी के इलाज के लिए सत्यसाईं हास्पिटल ले गई। तीन दिन के भीतर ही उसका ऑपरेशन सफलता पूर्वक पूरा किया गया। बच्ची अब सामान्य तरीके से खेलकूद रही है।*

**केस-2**

*रामसागरपारा में रहने वाला नमन अब सामान्य बच्चों की तरह क्रिकेट खेलने लगा है। कुछ समय पहले चौथी में पड़ने वाले इस बच्चे के हृदय रोग की पहचान स्कूल में आयोजित जांच शिविर में हुई थी। उसका इलाज भी इसी अभियान के तहत कराया गया था। उसे खेलने के दौरान अक्सर सीने में दर्द होता था, इसे पहले सामान्य समस्या मानी गई। बाद में यह शिकायत बढ़ने और हृदय से जुड़े होने के कारण परिवार की चिंता बढ़ गई थी।*

## नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में मटका लेकर गांधी सदन के सामने प्रदर्शन

# कचना के स्वास्तिक नगर में जल संकट एक बोरवेल के सहारे है 850 परिवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र में कचना के स्वास्तिक नगर पानी की समस्या से परेशान सैकड़ों रहवासियों ने नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में गांधी सदन के सामने जमकर प्रदर्शन किया। रहवासियों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन उन्हें साफ पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। 850 परिवार केवल एक बोरवेल के भरोसे हैं।

2 माह से उनके इलाके में पानी की किल्लत बनी हुई है, शिकायत के बाद भी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। बिफरे रवासियों ने निगम मुख्यालय के सामने खाली मटके फोड़कर गुस्सा जताया। गांधी सदन का घेराव करने पहुंचे लोगों ने मुख्य द्वार के सामने निगम प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाए। दरअसल, शहर में गर्मी की शुरुआत के पहले ही शहर में पानी की समस्या को लेकर शहर के आउटर इलाके में लोग परेशान हैं। एक दिन पहले ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के भाजपा पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने जोन 9 कमिश्नरी दफ्तर जाकर वार्ड की पेयजल समस्या समाधान के लिए 3 दिन का अल्टीमेटम सौंपा है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने परप्रभावित इलाके के रहवासियों के साथ वे जोन दफ्तर का घेराव करेंगे। वहीं इसी जोन के कचना क्षेत्र में नगर निगम द्वारा निर्मित स्वास्तिक नगर के प्रधानमंत्री आवासीय परिसर के रहवासियों ने बुधवार को पेयजल संकट दूर करने की मांग करते हुए गांधी सदन का घेराव किया।

- 5 मार्च तक बोरवेल खनन का मिला आश्वासन



### नगर निगम केवल टैक्स लेने तक ही सीमित है

*नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने स्वास्तिक नगर में पेयजल संकट की अनदेखी को लेकर निगम प्रशासन और महापौर मीनल चौबे पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर को महानगर बनाने के दावे खोखले हैं, 20 जनवरी को उन्होंने कचना के स्वास्तिक नगर में पेयजल की समस्या को लेकर निगम आयुक्त विश्वदीप और जोन 9 कमिश्नर को अवगत कराया इसके बाद केवल टैंकरों के फेरे बढ़ाए, लेकिन पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। नगर निगम द्वारा केवल कालोनी का निर्माण कर दिया गया पर वहां रहने वालों के लिए पीने के पानी, पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए रहवासी तरस गए हैं। नगर निगम केवल टैक्स लेने और तोड़फोड़ करने के लिए ही है, पीने के पानी के लिए किसी की जिम्मेदारी तक तय नहीं।*

### जल्द बोर खनन कार्य पूरा कराने का दिया आश्वासन

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि एक माह से ज्यादा समय बीत गया, पर आज तक स्वास्तिक नगर में बोरवेल खनन नहीं कराया गया, इससे प्रभावित कालोनी के रहवासी बहुत परनेशान हैं। इन रहवासियों के साथ गांधी सदन में हमने पेयजल संकट के प्रति निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। धरना प्रदर्शन के दौरान निगम आयुक्त विश्वदीप के प्रतिनिधि के रूप में उपायुक्त विनोद पांडे प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें प्रतीकात्मक रूप में मटका भेंट किया और चेतावनी दी कि पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन उग्र होगा। श्री पांडे ने प्रभावित क्षेत्र में 5 मार्च तक बोर खनन कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, पार्षद शेख मुशीर, जयश्री-सत्यनारायण नायक, रोनिता- प्रकाश जगत सहित प्रभावित इलाके रहवासी और महिलाएं छोटे बच्चों को साथ लेकर शामिल हुईं।

# व्यापम प्रवेश परीक्षाओं से नहीं होंगे रविवि के बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला में संचालित बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड में दाखिले व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं के के माध्यम से नहीं होंगे। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी अर्थात एनटीए द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से ही इसमें प्रवेश मिलेगा। रविवि द्वारा इस संदर्भ में छात्रों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। रविवि ने जारी नोटिस में कहा है, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड के सत्र 2026- 27 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहे हैं। सभी प्रवेश आकांक्षी छात्र-छात्राओं को यह निर्देश है कि आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से 10 मार्च तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के वेबसाइट में जाकर फॉर्म भरें। आवेदन पत्र की त्रुटि सुधारने के लिए 12 से 14 मार्च की तिथि तय की गई है। प्रवेश परीक्षा 17 मार्च को आयोजित की जाएगी।

- राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के अंक ही होंगे मान्य

### देशभर के छात्र ले सकेंगे दाखिला

*रविवि के अध्यापक शिक्षा संस्थान में बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड की 50-50 सीट उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं में देशभर के छात्र हिस्सा लेते हैं। चूंकि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश एनटीए की प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जा रहे हैं, ऐसे में देशभर के छात्र दाखिले की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में भी प्रवेश के लिए राष्ट्रीयकृत परीक्षाओं को ही माध्यम बनाया जाता है।*

### प्रवेश के मापदंड पृथक

छग व्यापम द्वारा बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी गई है। इसके अलावा प्री बीएड और डीएलएड की तिथियां भी घोषित कर दी गई हैं। इनके लिए आवेदन मार्च-अप्रैल में प्रारंभ होंगे, जबकि परीक्षाएं मई-जून में आयोजित की जाएंगी। छग के शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रमों सहित बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड में इसके माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे। गौरतलब है कि बीएड में प्रवेश स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को ही दिया जाता है, जबकि बीएससी-बीएड, बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण ही है।

**पुलिस और दमकल की टीम ने पानी की बौछार कर बुझाई आग**

# डीएड अभ्यर्थियों ने अंगारों पर चलकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प
- आमरन अनशन का 57वां दिन

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बुधवार को डीएड अभ्यर्थियों ने सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक विरोध करते हुए आग जलाकर अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछार करते हुए आग को बुझाया। इस दौरान पुलिस प्रशासन और डीएड अभ्यर्थियों के बीच झड़प की स्थिति निर्मित हुई। डीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर इन दिनों धरना स्थल पर आमरन अनशन कर रहे हैं। अनशन का बुधवार को 57 वां दिन रहा।

छत्तीसगढ़ डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति और न्यायालय के आदेशों के तत्काल पालन की मांग वे कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का का कहना है कि लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा उनकी मांगों के संबंध में अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। प्रत्येक स्तर पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। शिक्षा मंत्री से मिलने पर मुख्यमंत्री और वित्त विभाग का हवाला दिया जाता है, वित्त विभाग से मिलने पर शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्ताव लाने की बात कही जाती है। इससे अभ्यर्थियों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है जब तक उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

# जंगली सूअरों को अफ्रीकन बुखार बीमारी से बचाने वन विभाग जुटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य के वनों में विचरण कर रहे जंगली सूअरों को अफ्रीकन स्वाइन फीवर होने की इंडियन वेटनीर रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईवीआरआई) ने पुष्टि की है। अफ्रीकन स्वाइन फीवर होने की पुष्टि बलौदाबाजार तथा महासमुंद वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जंगली सुअरों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने पर हुई है। इन वन्यजीवों की मौत को वन विभाग ने गंभीरता से लेते हुए सैंपल जांच करने आईवीआरआई की उत्तरप्रदेश स्थित लैब में भेजा तो हुई है। जंगली सुअरों को अफ्रीकन बुखार होने की पुष्टि होने के बाद पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पाण्डेय ने इसे गंभीरता से लेते हुए पशुपालन विभाग तथा वन्यजीव चिकित्सकों की मदद से राहत तथा बचाव कार्य करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सभी जिलों के वनमंडलाधिकायों सतर्कता बरतने के साथ ही निगरानी के निर्देश दिए हैं।



फाइल फोटो

### संक्रमण से अन्य वन्यजीव हो सकते हैं प्रभावित

*इस खतरनाक वायरस के लिए टीका के साथ कोई दवा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इस वायरस से बचने का मात्र यही उपाय है कि राज्य के जिन वनक्षेत्र में जंगली सूअरों की ज्यादा मूवमेंट है उस क्षेत्र में किटनाशक दवाओं की छिड़काव करने के साथ वन्यजीवों की निगरानी करना है। मांसाहारी वन्यजीव अफ्रीकन फीवर से ग्रसित जंगली सूअर का शिकार करता है तो ऐसी स्थिति में शिकारी वन्यजीव वायरस की चपेट में आकर बीमार पड़ सकता है। जंगली सूअर रहवासी क्षेत्र में खेत में फसल चरने पहुंचते हैं। ऐसे में पालतू मवेशी जंगली सूअर के संपर्क में आने पर वायरस की चपेट में आ सकते हैं।*

### जानलेवा वायरस

*अफ्रीकन स्वाइन फीवर बेहद खतरनाक और जानलेवा वायरस है, जो कि संक्रमित घरेलू या फिर जंगली सूअरों से सीधे संपर्क, उनके मल-मूत्र और लार के जरिए तेजी से फैलता है। अफ्रीकन स्वाइन फीवर के कारण मृत्यू दर 100 प्रतिशत तक हो सकती है। जिन जंगली सुअरों को अफ्रीकन स्वाइन फीवर है उसके संपर्क में आने से अन्य जंगली सुअर वायरस की चपेट में आएंगे।*

# 18 महीने से वेतन नहीं, आंदोलनरत कर्मचारियों को रोकने कृषि विवि की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



इंदिरा गांधी कृषि विवि में बुधवार को विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। समान वेतन सहित कई तरह की मांगों को लेकर कर्मचारी यहां 16 फरवरी से पांच दिवसीय हड़ताल पर हैं। इस दौरान वे विवि परिसर में ही धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को इन्हें विवि परिसर में प्रवेश करने से रोकने मुख्य द्वारा में तालाबंदी कर दी गई। पुलिस बल भी इस दौरान तैनात रही। राज्यभर में संचालित 27 कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी जो इंदिरा गांधी कृषि विवि के लिए कार्यरत हैं, इस प्रदर्शन में शामिल हैं। वे विभिन्न जिलों से इस प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं।

हड़ताल पर गए अधिकारियों और कर्मचारियों का कहना है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मध्य संपन्न समझौता ज्ञापन के अंतर्गत कर्मचारियों से संबंधित समस्त दायित्व मेजबान संस्था अर्थात इंदिरा गांधी कृषि विवि का है। एमओयू के प्रावधानों के अनुसार कृषि अनुसंधान परिषद के कर्मचारियों को इंदिरा गांधी कृषि विवि के समकक्ष अधिकारियों-कर्मचारियों के समान वेतन, भत्ते, सुविधाएं एवं सेवा-लाभ दिए जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय द्वारा विगत 18 माह से पूर्ण वेतन एवं वैधानिक भत्तों से वंचित रखा गया है।

- राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित 27 कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी कृषि विवि में डटे

### आश्वासन नहीं दिया जाता है, तो आगे भी विरोध रखेंगे जारी

*छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ वेतन-विसंगति, लंबित देयकों एवं सेवा-लाभों की बहाली की मांग को लेकर यह पांच दिवसीय कामबंद हड़ताल सह धरना-प्रदर्शन कर रहा है। संघ के अध्यक्ष डॉ.प्रदीप सिंह का कहना है कि यदि पांच दिनों की हड़ताल के बाद भी उनसे बातचीत नहीं की जाती है अथवा किसी तरह का कोई आश्वासन नहीं दिया जाता है, तो वे आगे भी विरोध जारी रखेंगे। संघ ने आरोप लगाया, शांतिपूर्ण आंदोलन किए जाने के बाद भी विवि द्वारा मनमानी की जा रही है। विवि द्वारा प्रशासनिक भवन में ताला लगाए जाने के कारण वे गेट के बाहर ही धरना देने को मजबूर है। यहां उन्हें ना तो छांव उपलब्ध हो पा रही है और ना ही उनके पीने के लिए पानी है। विवि प्रशासन द्वारा भय और दबाव का वातावरण निर्मित करने की कोशिश की जा रही है।*







### एसजीपीसी दिल्ली में सिक्ख विद्यार्थियों को आईएएस परीक्षा की कोचिंग-निवास की सुविधा देगा

**रायपुर**। सिक्ख धर्मिक मामलों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणी गुरुव्दारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) अब दिल्ली में सिक्ख विद्यार्थियों के आईएएस परीक्षा के लिए दी जाने वाली कोचिंग से संबंधित सभी व्यवस्था करेगा। यह बात एसजीपीसी के अध्यक्ष सरदार हरजिन्दर सिंह धामी ने रावांभाठा में गुरूद्वारा श्रीगुरु नानक साहिब रायपुर के उदघाटन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा दिए गया यह प्रस्ताव काफी अच्छा है और एसजीपीसी की बैठक में प्रस्ताव पारित सिक्ख विद्यार्थियों के लिए दिल्ली में अच्छी कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। सरदार धामी ने एक होटल में रायपुर के विभिन्न गुरुव्दारा कमटियों के प्रधान और विभिन्न सिक्ख संगठनों के साथ बैठक कर चर्चा की।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

सोशल मीडिया के चलते नाचा कलाकारों ...

लाइव इवेंट

## एनआईटी में पूर्व छात्रों के सहयोग से नव-निर्मित स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन



**रायपुर।** एनआईटी में बुधवार को चार नव-निर्मित स्मार्ट कक्षाओं एफ-39, जी-37, जी-4 और जी-41 का उद्घाटन किया गया। इन कक्षाओं का विकास वर्ष 1992 एवं 1994 बैच के पूर्व छात्रों, एसबीएल एनर्जी लिमिटेड तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 1985 बैच के नंद कुमार वर्मा के उदार सहयोग से किया गया है। यह पहल संस्थान की शैक्षणिक अधोसंरचना और शिक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनआईटी रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने आधुनिक कक्षाओं का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र एवं उनके परिवारजन, मनोज प्रधान, सभी अधिष्ठाता डीन, एसोसिएट डीन कॉर्पोरेट रिलेशंस एंड रिसोर्स मोबिलाइजेशन, सीआर एंड आरएम कार्यालय की टीम, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्मार्ट क्लासरूम का मिलेगा लाभ

अपने संबोधन में डॉ. रमना राव ने कहा कि ये स्मार्ट कक्षाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विद्यार्थियों को सर्वोत्तम सुविधाएं मिलनी चाहिए और संस्थान वैश्विक स्तर की अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. सुरेश हावरे ने पूर्व छात्रों एवं एलुमनाई एसोसिएशन की सराहना करते हुए उन्हें संस्थान की प्रेरणास्रोत शक्ति बताया। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से संस्थान के विकास में अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। स्मार्ट क्लासरूम परियोजना एनआईटी की गुणवत्ता, नवाचार और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पहल आने वाले वर्षों में संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करेगी तथा विद्यार्थियों को एक सशक्त, तकनीक-समर्थित शिक्षण वातावरण प्रदान करेगी।

● घर, कॉलोनी, गार्डन और पेड़ों पर दाना-पानी व खाने की सुविधा देने में जुटे लोग

# गर्मी में भूख-प्यास से बेजुबानों को बचाने एनिमल्स और बर्ड्स लवर्स ने बनाए घरौंदे

> "मौसम के बदलाव का हर जीव-जंतु पर प्रभाव पड़ता है। इंसान तो अपना बदलते मौसम में सेहत का पूरी इंतजाम कर लेते हैं, लेकिन बेजुबान पशु-पक्षियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में इन पशु-पक्षियों की देखभाल के लिए एनिमल्स और बर्ड्स लवर्स आगे रहते हैं।





**रायपुर।** शहर की एनिमल्स और बर्ड्स लवर्स मनीषा वर्मा कहती हैं कि गर्मी का मौसम लगते ही घर से लेकर आसपास कॉलोनी व सड़क किनारे पर भूखे-प्यासे, घायल एनिमल्स और बर्ड्स की देखभाल में जुट जाती हैं। घर, कॉलोनी, गार्डन, पेड़ों पर पक्षियों के लिए आर्टिफिशियल घरौंदे, पानी व दाना डालने सकोरे का इंतजाम करती हैं। वहीं, पालतू जानवरों के लिए वेटर्नी डॉक्टर्स से चिकित्सकीय परामर्श लेती हैं, ताकि बदलते तापमान में उनके प्यारे पेट, बर्ड्स आदि का सेहत चुस्त-दुरुस्त बना रहे। मनीषा बताती है कि पिछले साल से कॉलोनी की महिलाओं का ग्रुप बनाकर पक्षियों को दाना परोस कर राहत देने का अभियान शुरू किया है। गर्मी की शुरुआत में ही अपने घरों के बाहर कुंड में पानी और दाना रखकर पक्षियों की सेवा में लगे हैं। यही नहीं, सभी सदस्य पक्षियों व पालतू पशुओं के लिए खाने व दाने की व्यवस्था भी कर रही हैं। हम शहरवासियों से भी अपील करते हैं कि अपने आसपास पक्षियों व जानवरों की देखभाल में भागीदार बनें।

### तापमान बढ़ते ही रखें खास ख्याल

*शहर के वेटरनरी डॉक्टर सुषमा शुक्ला का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में पालतू पशुओं व पक्षियों को लेकर लोग बड़ी सख्या में क्लीनिक आते हैं। उन्हें इन बेजुबानों का खास ध्यान रखने का परामर्श देते हैं। मौसम के अनुरूप सही समय में भोजन व पानी उपलब्ध कराना, अधिक तापमान से बचाकर संतुलित वातावारण में रखना आदि। इसके अलावा कुछ समाज सेवी संस्थानें व आम लोग भी घायल पशु-पक्षियों के उपचार कराने पहुंचते हैं। उन सभी के साथ समाज के हर व्यक्ति को चाहिए कि वे इन बेजुबानों की देखभाल अपना फर्ज समझ कर करें। खाना, दाना-पानी के लिए भटकते हुए पक्षियों व पशुओं की जान न चली जाए, इसका ख्याल रखें। शहर में वैसे भी गर्मी में तापमान आमतौर पर चालीस डिग्री के ऊपर पहुंच जाता है। तापमान अधिक होने से पशु- पक्षियों की स्वास्थ्य संबंधित समस्या गंभीर बन सकती है।*

### सकोरे में पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम

गर्मी की शुरुआत में ही हमने 30 मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की है। इन बर्तनों को उन्होंने पेड़ों पर टांगा है और कुछ को कॉलोनियों के घरों की बालकनी पर रखा है। पशु-पक्षी प्रेमी रोज सुबह अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर इन पशु- पक्षियों को दाना और पानी देकर उनके सूखे कंठों को तर कर रहे हैं। यह व्यवस्था पूरे 12 महीने रहती है। लगभग हर जगह कबूतर, गौरेया, तोता, कौआ आदि पक्षी दाना चुगने आते हैं।



### पशुओं के लिए बनवाया प्याऊ

गर्मी में बेजुबानों की प्यास बुझा रहे हैं। बेहाल कर देने वाली गर्मी में गाय, भैंस आदि जानवरों की प्यास बुझाने के लिए घर के बाहर प्याऊ बनवा दी हैं। पक्षियों के लिए भी घरों की छतों पर लोग दाने डाल रहे हैं। काफी लोगों ने इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है। मनीष अग्रवाल बताते हैं कि वह अपने दोस्तों के साथ मिलकर पशुओं के लिए गर्मी में खाना व पानी का इंतजाम करते हैं। इससे आसपास के घुमंतू पशुओं को एक तरह से आश्रय मिलता है।

सिटी इवेंट

## स्टूडेंट्स और पालकों के रोजाना 70 से अधिक कॉल्स आ रहें



**रायपुर।** सीजी बोर्ड एग्जाम 20 फरवरी से शुरू होने जा रही है। 5 फरवरी से माध्यामिक शिक्षा मंडल में विशेषज्ञों की टीम हेल्पलाइन नंबर पर स्टूडेंट्स को परीक्षा में बिना तनाव के सफल होने का आइडिया बता रहे हैं। माध्यामिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि अब तक हेल्पलाइन नंबर पर औसतन रोजाना 70 कॉल्स स्टूडेंट्स के अलावा पालकों के आ रहे हैं। इन फोन कॉल्स में परीक्षा से जुड़ी विविध परेशानियों के हल पाने विशेषज्ञों से टिप्स ले रहे हैं। इन सवालों में जहां छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते वक्त नींद अधिक लगने के समाधान पूछ रहे हैं तो पालक बच्चे के पढ़ाई नहीं करने की समस्या साझा कर रहे हैं। वहीं, विशेषज्ञों की टीम बोर्ड परीक्षाओं के पहले छात्रों की समस्याओं को दूर करने और उन्हें सफलता का मंत्र बता रहे हैं। सचिव ने बताया कि यह हेल्पलाइन सेवा परीक्षा के बाद भी जारी रहेगी। यह सुविधा हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं हायर सेकंडरी व्यावसायिक परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित की जा रही है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी हेल्पलाइन सेंटर की शुरुआत की गई है।

> सीजी बोर्ड एग्जाम की शुरुआत 20 फरवरी से, स्टूडेंट्स को मानसिक रूप से तैयार करने विभाग का प्रयास

### शिक्षाविद् और मनोचिकित्सक की टीम

इस हेल्पलाइन सेंटर में सभी विषय के विषय विशेषज्ञ और मनोरोग विशेषज्ञ बच्चों और पालकों को परीक्षा पूर्व आ रही परेशानी और समस्या से कैसी निजात मिल सकती है इसकी जानकारी दे रहे हैं। कई बच्चे परीक्षा का नाम सुनकर मानसिक दबाव में होते हैं। पालक हेल्पलाइन डेस्क में फोन करके बताते हैं कि हमारे बच्चे पढ़ाई नहीं करते, ऐसे में हमें क्या करना चाहिए? इसका समाधान भी हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से किया जा रहा है।

### टोल फ्री नंबर 1800-233-4363 पर कॉल

हेल्पलाइन नंबर पर छात्र, अभिभावक और शिक्षक सुबह 10:30 से शाम 5 बजे तक परीक्षा से जुड़े हर सवाल का जवाब पा सकते हैं। अंग्रेजी, गणित, विज्ञान समेत कई विषयों के शिक्षाविद टॉपिक्स के डाउट्स भी क्लियर कर रहे हैं। वहीं, मनोचिकित्सक तनाव में फंसे छात्रों को बाहर निकाल रहे हैं।

## बाबा गुरु घासीदास की शिक्षाओं एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने सतनाम सद्भाव पदयात्रा

**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदास की शिक्षाओं एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने अपने पिता धर्मगुरु बालदास साहेब के सानिध्य में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब बुधवार से अपने पांच दिवसीय सतनाम सद्भाव पदयात्रा का आगाज किया। आदर्शनगर, मोवा स्थित सतनाम भवन प्रांगण में स्थापित पवित्र जैतखाम की पूजा अर्चना व मंगल आरती के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदयात्रा को सफेद ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस मौके मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के मनखे - मनखे एक समान का संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणादाई है, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पदयात्रा समाज में सद्भावना, समरसता और भाईचारे को सुदृढ़



करेगी। इस दौरान धर्मगुरु, गुरु बालदास साहेब ने उपस्थित सतनामी समाज के सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार कर आशीर्वाद प्रदान किया। इसी दौरान कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह पदयात्रा सामाजिक समरसता, मानव कल्याण और एकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है उन्होंने सभी से सामाजिक भेदभाव और द्वेष से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया आगे उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएगी।

### गिरौदपुरी धाम में होगा पदयात्रा का समापन

श्वेत वस्त्र धारण किए हुए बड़ी संख्या में शामिल युवाओं ने जय-जय सतनाम की जैघोष से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया, इसके बाद सफेद ध्वज लहराते गुरु खुशवंत साहेब की अगुवाई में मोवा स्थित सतनाम भवन से पहले दिन 19 किलोमीटर की पदयात्रा प्रारंभ हुआ, जो दोदेंखुर्द, सेमरिया, दोंदेकला होते प्रथम पड़ाव सारागांव पहुंची। दूसरे दिन 19 फरवरी को 31 किलोमीटर की पदयात्रा का पड़ाव भंडारपुरी में, तीसरे दिन 20 फरवरी को 30 किलोमीटर की पदयात्रा का पड़ाव पलारी में, चौथे दिन 21 फरवरी को 32 किलोमीटर की पदयात्रा का पड़ाव लवन में तथा 22 फरवरी को अंतिम पांचवें दिन 33 किलोमीटर की पदयात्रा का समापन पवित्र गिरौदपुरी धाम में होगा।

## निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प 219 की जांच

**रायपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आरंग में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की अध्यक्षता एवं खंड चिाकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत के नेतृत्व में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी एंव स्कूली छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला अस्पताल एवं सत्यसांई अस्पताल के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प में 219 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर 17 गंभीर रोग से ग्रसित बच्चों को उच्च उपचार हेतु हायर सेन्टर रेफर किया गया। इस शिविर में बीपीएम दीपक मीरे, चिरायु टीम से डॉ. शिल्पा कटरिया, डॉ. शोभा निषाद, डॉ. शिवानी नायक, डॉ. देवेन्द्र बंजारे, डॉ. अबरार आलम, डॉ. भुपेश गेंडरे, फार्मासिस्ट विरेन्द्र बंजारे, विनित कुमार, डुमेन्द्र धुर्वे, एएनएम टिकेश्वरी साहू, परिणीता, एलटी मुकेश कुमार साहू, टिकम साहू ने विशेष भूमिका निभाई।

कार्नर न्यूज

महंत कॉलेज में एनुअल फंक्शन, सांस्कृति प्रस्तुतियों से बांधा समां

# रिदम में स्टूडेंट्स ने राजस्थानी, लावड़ी और महिषासुर मर्दनी नृत्य नाटिका से मोहा मन

**रायपुर।** बुधवार को महंत कॉलेज का एनुअल फंक्शन रिदम -2026 का आयोजन हुआ। यह आयोजन रविंद्र मंच कालीबाड़ी में किया गया। स्टूडेंट्स ने एनुअल फंक्शन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आगाज भक्तिमय गणेश वंदना से किया। इसके बाद राजस्थानी, लावणी ग्रुप डांस और महिषासुर मर्दनी नृत्य नाटिका से छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में समां बांधा। प्रतिभागी स्टूडेंट्स ने पारंपरिक कला प्रतिभा का कमाल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों व अतिथियों का मन मोह लिया। एनुअल फंक्शन का सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह और आनंद के साथ सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम में पंजाबी और राष्ट्रीय सेवा योजना समूह के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति से उत्साह को बरकरार रखा। शाम 6 बजे कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रभारी डॉक्टर अनुपम जैन के आभार उद्बोधन से समापन हुआ। आयोजन में पूरी शालीनता और परिधानों का प्रयोग करते हुए महंत लक्ष्मी दास महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के मूल्यों को भी निभाई।





### गीत-संगीत में देर शाम झूमते रहे स्टूडेंट्स



एनुअल फंक्शन में आर्केस्ट्रा की गीत व संगीत ने ऐसा समां बांधा कि छात्र- छात्राएं देर शाम तक झूमते रहे। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांशी व प्रीतम दास ने किया। छात्र-छात्राओं ने पार्टी थीम परिधानों में बालीवुड सॉन्ग्स, भक्ति गीतों पर जमकर धमाल मचाया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत टीचर्स द्वारा परंपरानुसार किया गया। आयोजन में गृह मंत्री विजय शर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एवं विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, महासचिव अनिल तिवारी, उपाध्यक्ष आरके गुप्ता सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी की उपस्थिति रही।



**धर्म लाइव**

## रामकुंड में दुर्गा माता की प्राण प्रतिष्ठा, समिति ने की पहल



**रायपुर।** रामकुंड स्थित उत्कल बस्ती में श्री दुर्गा माता मंदिर समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। माता रानी की मूर्ति स्थापना के चलते दिनभर भक्तिमय माहौल रहा। समिति की अगुवाई में सभी देवी-देवताओं की मूर्ति की स्थापना और नौ ग्रह पूजा, देव स्नान पूजा, रुद्र अभिषेक एवं प्राण- प्रतिष्ठा के चलते भक्तिमय माहौल रहा। उत्कल बस्ती में मंदिर का निर्माण दो साल में पूरा होने के बाद धूमधाम से मूर्ति स्थापना की गई। समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दो साल में मंदिर निर्माण के बाद प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया गया। इसमें हर वर्ग की सहभागिता ने इसे उत्सव का रूप दिया।

### पूजा-अर्चना के बाद भव्य कलश किया स्थापित

*समिति की पहल पर मंदिर में कलश यात्रा के बाद मंगल कलश स्थापना एवं ध्वज का आरोहण किया गया। मोहल्ले की माताओं एवं बहनों द्वारा देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करके भव्य कलश को स्थापित किया गया। इसके चलते बस्ती में भक्तिमय माहौल बना। इसमें सभी भक्तों द्वारा मूर्तियों को रथ में स्थापित करके मंदिर में पहले ही लाया गया था। वहीं, प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव के दिन धुमाल के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दिनभर प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव को विधि-विधान से मनाया गया। उत्कल बस्ती में माता की मूर्ति स्थापना से लोगों को आस्था का माहौल मिल रहा है।*

**समाज लाइव**

## कलश यात्रा के साथ 21 से कुर्मी समाज का महाधिवेशन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी सभा स्थल (हाई स्कूल मैदान) ग्राम चांपा में दो दिवसीय महाधिवेशन का आगाज होगा। बलौदाबाजार राज में होने वाले 80वें महाअधिवेशन केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप एवं महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा की अगुवाई में होगा। समाज के सभी वर्ग की सहभागिता इस महाअधिवेशन में रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्षभर की गतिविधियों एवं आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की योजनाओं पर भी समाज की मौजूदगी में चर्चा होगी। विभिन्न सामाजिक मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा के बाद अहम निर्णय लिए जाएंगे। महाधिवेशन का आगाज चार सौ महिलाओं की कलश यात्रा से 21 फरवरी को होगा।

### दो दिन में होंगे चार सत्र, समाज के लोग करेंगे चर्चा

इस दो दिवसीय महाअधिवेशन को चार सत्रों में विभाजित किया गया है। इसमें 21 फरवरी को प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व सीएम भूपेश बघेल शामिल होंगे। 22 फरवरी को प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल रमेश बैस एवं द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय होंगे। अति विशिष्ट अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा शामिल होंगे। दो दिन में होने वाले चार सत्रों में समाज की समस्याओं और सरोकार से जुड़े मुद्दों पर आम सहमति से निर्णय भी लिए जाएंगे। दोनों दिन के आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज ने जिम्मेदारी तय की है।

**सिटी इवेंट**

## महाराष्ट्र मंडल में आज छत्रपति शिवाजी जयंती पर महाआरती



**रायपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर महाराष्ट्र मंडल में युवा समिति के मार्गदर्शन में गुरुवार को दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी। इससे पहले मंडल के पदाधिकारी सुबह 11 बजे राज्यपाल रमेन डेका का स्वागत करने तात्यापारा चौक पर उपस्थित रहेंगे। राज्यपाल सुबह 11 बजे चौक पर प्रतिष्ठित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए पहुंचेंगे। युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि इस बार शिवाजी महाराज जयंती पर वैसे कार्यक्रम नहीं होंगे, जैसे हर साल होते हैं। इसकी वजह साइंस कॉलेज मैदान में 19 से 22 फरवरी तक शाम को साढ़े छह बजे पुणे की नाट्य मंडली की ओर से सुप्रसिद्ध नाटक 'जाणता राजा' का मंचन है।

### इसलिए मंडल में नहीं करेंगे भव्य आयोजन

पदाधिकारियों, सभासदों एवं युवा समिति के सदस्य छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती करेंगे। मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने बताया कि शिवाजी महाराज जयंती पर हम तात्यापारा चौक या महाराष्ट्र मंडल में कोई कार्यक्रम करते हैं तो इससे शिवाजी महाराज को मानने वालों की भीड़ बंट जाएगी, यह हम नहीं चाहते। 'जाणता राजा' में महाराष्ट्र मंडल के कई सभासदों के अलावा कई रंगसाधक काम कर रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि लोग चारों दिन बड़ी संख्या में नाटक देखने के लिए पहुंचें।

**विश्व मानव विज्ञान दिवस आज : मानव व्यवहार, संस्कृति और विकास यात्रा की याद दिलाता है यह दिन**

# सोशल मीडिया के चलते नाचा कलाकारों ने बदला ट्रेंड समाज ने शुरू की आदर्श विवाह की पहल और सेवा

'80 के दशक में जागरुकता बढ़ाने और हास्य-विनोद के साधनों में नाचा-गम्मत एक प्रमुख साधन के रूप में गिना जाता था। इसका चलन ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र में भी था। आधुनिकता की दौड़ ने इस पुराने ट्रेंड को बदला और अब नाचा-गम्मत से जुड़े कलाकारों ने गीत-संगीत और रंगमंच से खुद को जोड़ा है। इसका कारण सोशल प्लेटफार्म के चलन को कलाकार मानते हैं। वहीं, सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने और शादियों पर होने वाले खर्च को कम करने आदर्श विवाह में पारंपरिकता के साथ आधुनिकता का रंग चढ़ने लगा है। कई ऐसी संस्थाएं हैं, जिनकी सेवा भावना से साढ़े पांच साल से मरीजों के परिजनों को दो वक्त की भोजन सेवा मिल रही है।'

**रायपुर।** हर साल फरवरी महीने के तीसरे गुरुवार को मानव विज्ञान दिवस मनाने की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस दिन को सरोकार से जुड़े कार्यों की याद में सेलिब्रेट किया जाता है, जो मानव जीवन को सरोकार आधारित विज्ञान से जोड़ता है। इस अवसर पर हरिभूमि ने समाज, संस्कृति और सरोकार से जुड़ी संस्थाओं के सेवाभाव और उनकी पहल से जुड़ी कहानी को जानने का प्रयास किया। इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले समाज ने परिचय सम्मेलन के साथ आदर्श विवाह को सामाजिक स्तर पर शुरू किया। तब प्रति जोड़े से 20 हजार रुपए लिया जाता था, बाद में इसे भी बंद करते हुए लोगों को निःशुल्क आदर्श विवाह से जोड़ने का प्रयास किया गया, जो अभी तक जारी है। हर साल पंजीयन के आधार पर वर-वधू को समारोह के माध्यम से शादी के बंधन में बंधने का अवसर देते हैं।



### खर्च और समय बचाने मिल रहा रिस्पांस

श्री कश्यप ने बताया कि शुरुआती दिनों से लेकर अब तक इस सिस्टम को लोगों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। आयोजन में समाज के कई पदाधिकारियों ने भी अपने परिवार के बेटे-बेटियों की शादी करते हुए इस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। अब भी पारंपरिक रीति-रिवाज से वैवाहिक समारोह किया जाता है। इसमें समाज के हजारों लोग शामिल होते और वर -वधू को आशीष देने से पहले बाराती के रूप में उत्सव का हिस्सा बनते हैं। इसे फिजूलखर्ची से समाज को बचाने के लिए शुरू किया गया था, जो अब भी सरोकार का हिस्सा है।



### लॉकडाउन में भोजन सेवा बनी चुनौती

इसी तरह संस्था अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के संस्थापक मो. सज्जाद खान ने बताया कि विगत 28 साल से सेवा कार्य को गति दे रहे हैं। 2018 में सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को आस्था केन्द्रों में लोगों को खिचड़ी बांटने के लिए प्रयास किया। वर्ष 2000 में अंबेडकर के कैंसर वार्ड में पीड़ितों के साथ रहने वाले परिजनों के लिए 40 टिफिन शुरू किया। लेकिन, कोविड के दौरान भोजन परिजनों के लिए चुनौती बन गई। तब से लेकर अभी तक 150 से 200 लोगों का भोजन प्रतिदिन संस्था से जुड़े तीन सदस्य तैयार करते हैं। इस सेवा कार्य को सभी जाति, धर्म और समाज के लोग साथ मिलकर करते हैं।

### समय के साथ कला का बदला तरीका, नहीं बदली संस्कृति

1980 ही नहीं, बल्कि 2010 तक शहरी और ग्रामीण अंचल में मनोरंजन के पारंपरिक साधनों में नाचा-गम्मत को खास स्थान मिलता था, लेकिन एक समय ऐसा आया जब सोशल प्लेटफार्म ने जागरुकता का दायित्व निभाना शुरू किया। तब नाचा और गम्मत से जुड़े कलाकारों ने रंगमंच, गीत-संगीत और छालीवुड में कदम रखा। इससे कला को प्रस्तुत करने का तरीका भले ही बदला मगर संस्कृति की छाप अभी तक नहीं बदली है। यह कहना है वरिष्ठ रंगकर्मी नूतन रिजवी का। उन्होंने बताया कि अब कला और संस्कृति के क्षेत्र में पहले की अपेक्षा बेहतर काम होने लगे हैं। इसमें युवाओं का लगाव भी बढ़ा और दर्शक भी मिलते हैं।

## धूमधाम से मनाया श्रीजिनकुशल सूरि का 693वां स्वर्गारोहण दिवस

**रायपुर।** श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्रीजिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में दादागुरुदेव श्रीजिनकुशल सूरि जी का 693वां स्वर्गारोहण दिवस मनाया गया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा यह आयोजन संपन्न कराया गया। सुबह से ही श्रद्धालु चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में एकत्र होने लगे। सभी ने मिलकर स्नात्र पूजन किया। 9 बजे से खरतरगच्छ महिला परिषद की सैकड़ों श्राविकाओं ने दादागुरुदेव का इक्तीसा संगीतमय जाप भक्तिभाव से किया। इक्तीसा जाप के बाद प्रकटप्रभावी, जैन समाज के अनन्य उपकारी दादागुरुदेव श्रीजिनकुशल सूरि जी के स्वर्गारोहण दिवस प्रत्यर्थ दादागुरुदेव महापूजन व अष्टप्रकारी पूजा भक्तजनों ने सम्पन्न की। दादागुरुदेव महापूजन का प्रारम्भ नारियल अक्षत नैवेद्य के समर्पण मंत्र के साथ भक्तों ने प्रारम्भ की। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर व ट्रस्टी डॉ. योगेश बंगानी ने बताया कि सर्वप्रथम ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने दादा श्री जिनकुशल सूरी जी के स्वर्गारोहण की पूजा में प्रगट प्रभावी दादा श्रीजिनकुशल सूरी जी आज के ही दिन फाल्गुन वदी अमावस्या के दिन ही स्वर्गारोहण हुआ था। उसके 15 दिन पश्चात फाल्गुन सुदी पूनम को गुरु भक्त के 15 दिन के उपवास के पश्चात मालपुरा में प्रत्यक्ष दर्शन दादा श्री जिनकुशल सूरी जी ने दिए। आज भी जो भी इनकी आराधना साधना करते हैं, उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।



### विधि-विधान से हुआ पूजन

इसके साथ ही उनके चमत्कारिक जनहितैषी उपकारों का वर्णन करते हुए प्रथम पूजा के जलाभिषेक विधान की पूजा 'गुरु पर तीख सुरतरु रूप सुगुरु सम दूजो तो नही दूजो तो नहीं' के भाव पूर्ण बोलो से लाभार्थी परिवारों ने अभिषेक किया। उसी तारतम्य में क्रमशः जल चंदन, पुष्प, धूप, दीप ,अक्षत नैवेद्य व फल के समर्पण के 8 विधान सस्वर मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। फल पूजा का विधान फल पूजा से फल मिले प्रगटे नवे निधान के बोलो के साथ संपन्न हुई। स्वर्गारोहण महोत्सव के अवसर पर गुरुप्रसादी के लाभार्थी प्रकाशचंद, दिलीप, निर्मल पारख परिवार रहे। नवा विधान वस्त्र पूजा का साध्वी श्री के मुखारविन्द स" लक्ष्मी लीला पावे रे सुंदर जे गुरु वस्त्र चढ़ावे जे गुरु वस्त्र चढ़ावे' के संगीतमय बोलो से प्रारम्भ हुआ। वहीं, सुप्रसिद्ध भजन गायक वर्धमान चोपड़ा ने 'कैसे कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी मोको सबल भरोसो तेरो चंद्र सूरी पट्टधारी के' समर्पण बोलो से गुरु से अरदास की। कु. दीप्ती बैद ने 'गुरु तेरे चरणों की धूल जो मिल जावे, सच कहता हूं मेरी तगदीर बदल जाये, दादा तेरे चरणों की' के बोलो से सभी भक्तों के लिए गुरु का आशीर्वाद मांगा। वहीं, निर्मल पारख ने 'चांद से सुंदर मुखड़ा तेरा, नयन के अमृत के प्याले, वो तो कोई और नहीं है, वो तो दादा मालपुरा वाले' के बोलो से गुरु महिमा की बलिहारी ली। दसवीं पूजा में चांदी की ध्वजा को महिलाओं ने सिर पर रखकर धूप, दीप, चवर के साथ दादा गुरु की छतरी की 3 फेरी देकर इन बोलो ध्वज पूजन कर 'हरख भरी- हरख भरी रे देवा हरख भरी रे' के चौपाई के साथ शिखर पर ध्वजारोहण किया ।

## परीक्षित को सदैव के लिए जन्म-मरण से मुक्त किया

**रायपुर।** वक्ता भी भगवान का स्वरूप होते हैं। राजा परीक्षित को साधु का श्राप प्राप्त होते ही उनके अंदर उत्कट वैराग्य उत्पन्न हुआ। कथा सुनने की इच्छा हुई, मगर कोई योग्य वक्ता जब प्राप्त नहीं हुआ तो भगवान स्वयं मंगलमय अनंत गुणों को धारण करके सुखदेव के रूप में प्रकट हुए। यह बात श्री शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा को प्रसंगवत करते हुए कही। दतरेंगा में आयोजित भागवत कथा के मुख्य यजमान विश्राम साहू रहे। महाराज ने आगे बताया कि गर्भ में ही ब्रह्मास्त्र से दग्ध अपने अनुग्रह से उज्जीवित राजा परीक्षित को सदैव के लिए जन्म-मरण के बंधन से मुक्त किया और परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत में अनेक वक्ता और श्रोता होते हैं, लेकिन मुख्य वक्ता और श्रोता सुखदेव एवं परीक्षित होते हैं।



### अनुभव के लिए भागवत कथा श्रवण किया

भागवताचार्य ने आगे बताया कि ब्रह्मा ने सृष्टि के विस्तार, नारद ने भक्ति भाव के उत्थान और व्यास जी ने लोक कल्याण के लिए श्रीमद् भागवत का श्रवण किया। शौनक आदि ऋषियों ने दीर्घकालीन यज्ञ में अवकाश के समय कर्म पूर्ति के लिए भागवत का श्रवण किया, लेकिन परीक्षित ने केवल परमात्मा की प्राप्ति के लिए और उनके अनुभव के लिए भागवत कथा श्रवण किया था। सुखदेव महाराज अवधूत शिरोमणि, महायोगी, समदर्शी निर्विकल्प एवं ब्रह्म निष्ठ थे। अविद्या, निद्रा उनके पास कभी नहीं फटकती थी। उन्हें स्त्री पुरुष का भेद ज्ञान नहीं था। भागवत में ज्ञान, वैराग्य, भक्ति, निष्कर्मता का निरुपण किया गया है, यह वैष्णवों का परम धन तथा परमहंसों का ज्ञान निधान है।

**शहर के जरवाय क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती महिलाएं उत्सव को सजाने के लिए कर रहीं पहल**

**कार्नर न्यूज**

## रंगों के महापर्व को खास बनाने महिलाएं टेसू गुलाब- गेंदा फूल से बना रहीं हर्बल गुलाल

रंगों के महापर्व होली को खास बनाने के लिए इस बार भी स्व सहायता समूह की महिलाएं फूलों की खुशबू और उसके रंगों का उपयोग करके लोगों के लिए हर्बल गुलाल बनाने में जुट गई हैं। जरवाय स्थित गौठान में इस बार भी हर्बल गुलाल बनने लगा है।



### पैकिंग के बाद डिमांड पर करते हैं आपूर्ति

हर्बल गुलाल के पैकेट बनाने के बाद अलग-अलग वजन में पैकेट की पैकिंग महिलाएं खुद करती हैं। इसके लिए समूह की महिलाओं ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी तय की है। गोकुल नगर की महिलाओं ने काम बंद कर दिया है, लेकिन होली में हर्बल गुलाल की पूछ-परख को देखते हुए किराए का मकान लेने के बाद वहीं गुलाल तैयार करेंगी। अभी इस समूह की महिलाएं अपने स्तर पर फूलों को लाने के बाद उसको सुखाने और फिर पाउडर बनाने की प्रक्रिया घर की जिम्मेदारी पूरी करने के बाद करती हैं।

**रायपुर।** टेसू, गेंदा-गुलाब के फूलों का एहसास रंगोत्सव में करवाने के लिए महिलाएं इनसे हर्बल गुलाल बना रही हैं। लोगों के बीच उत्सव में रंगों के साथ फूलों की सुगंध बिखेरने की तैयारी महिलाओं ने की है। इसके लिए गोवर्धन महिला स्वसहायता समूह की धनेश्वरी रात्रे ने बताया कि चार साल पहले हमने खुद प्रयोग के तौर पर हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया था। इस बार भी हर्बल गुलाल की आपूर्ति के लिए तैयारी की जा रही है। होली से एक सप्ताह पहले लोग कितना हर्बल गुलाल लेंगे, इसकी जानकारी देते हैं।

### इस उत्सव में चढ़ेगा आस्था के फूलों का रंग

हर्बल गुलाल बनाने के लिए महिलाएं आस-पास के मंदिरों में भगवान को चढ़ाए गए आस्था के फूलों को लेने के बाद उसके रंग ही नहीं, खुशबू को भी उत्सव का हिस्सा बनाते हैं। इसकी मदद से तैयार किए गए हर्बल गुलाल की पूछ-परख संबलपुर, श्री खाटू श्याम मंदिर में मनाए जाने उत्सव में होने से इसका क्रेज बना हुआ है। फूलों के व्यवसाय से जुड़े लोगों के पास पुराने हो चुके फूलों को भी उपयोग करते हैं। इसे सुखाने के बाद पाउडर तैयार करते हैं। गुलाल बनाने के साथ ही इसमें फूलों की खुशबू भी शामिल होती है। समूह की महिलाएं आपस में जिम्मेदारी तय करके हर्बल गुलाल बनाती हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल के लिए तैयार हो रही छत्तीसगढ़ की वॉलीबॉल टीम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वालीबाल संघ द्वारा प्रथम सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन रायपुर में 14 एवं 15 फरवरी को सप्रे स्कूल के मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 11 जिलों के खिलाड़ियों तथा महिला वर्ग में 6 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैम्पियनशिप के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य की टीमें 24 फरवरी से 01 मार्च तक हुगली ;पश्चिम बंगाल में आयोजित 46वीं सब जूनियर नेशनल वालीबाल चैम्पियनशिप में भाग लेंगी।

नेशनल चैम्पियनशिप की तैयारी हेतु प्रथम सब जूनियर राज्य चैम्पियनशिप में चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर रायपुर में 17 फरवरी से सप्रे स्कूल के वॉलीबॉल मैदान पर लगाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल खिलाडी भाग ले रहे हैं। इनमें रिंकी धीमान, दिलेश्वरी पाल (साई ट्रेनिंग सेन्टर रायपुर), रूचिका सार्वा, हेमन्द्री यादव, वसुन्धरा त्रिपाठी (रायपुर), आरूषि सिंह, करिश्मा खोबरागड़े, आयुषी सिंह,प्रियल,गुरलिन कौर 11 मानया चौहान 12 भाव्या (दुर्ग जिला) 13 कोशी कवासी 14 प्रियंका नाग 15 सोनिया कवासी (दंतेवाडा) 16 करिश्मा पाल (बलौदाबाजार) 17 रितिका लहरे 18 हरशु श्रीवास्तव 19 नाव्या (कोरबा) 20 अनन्या, राजवीर कौर (बी.एस.पी.), मुख्य कोच श्रीकांत मोदी दंतेवाड़ा, सहायक कोच प्रियेश बागी, मैनेजर सरिता यादव शामिल हैं। इसी तरह बालक वर्ग में लाकेश पाल,विक्रम पाल, कीर्तेश पाल (रायपुर), लकी, जिज्ञांश साहू,अब्दुल अयान,विनय (बिलासपुर), परमीत सिंह, बी. हर्ष शेखर, अरसलानुद्दीन, एम शशांक (बी.एस.पी.), मुकेश साहू, पाथिबन (दुर्ग), हर्षित मंडावी, इशान, रेहान खान (कवर्धा), अंकित बंजारे (कोरबा), एम शंशाक, कान्हा (राजनांदगांव), समारू (दंतेवाडा), साहित्या कुर्रू (साई ट्रेनिंग सेन्टर), मुख्य कोच अजीत कुट्टन, रायपुर, सहायक कोच मोहन नायर, बिलासपुर मैनजर सुशील गर्ग कोरबा शामिल हैं। प्रशिक्षण उपरांत अंतिम 14-14 खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें 46वीं सब जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु हुगली पश्चिम बंगाल रवाना किया जाएगा।

### वेस्ट जोन सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में वेस्ट जोन राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल पुरुष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के उज्जैन में 09 से 11 फरवरी तक किया गया। प्रतियोगिता में कवर्धा की प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी से पुरुष वर्ग में भूपेंद्र गढ़े, पिंटू सिन्हा और कलेश्वर निर्मलकर सहित तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था।

जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ टीम को स्वर्ण पदक जीताने में अहम योगदान दिया। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों का प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता रहा है, साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करते आ रहे है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र मानिकपुरी निज सहायक, गजराज सिंह ठाकुर निज सहायक, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटीया, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, अतुल देशलहरा, दिनेश वर्गीस और श्याम चकोर आदि ने बधाई दी है। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, महासचिव ओपी शर्मा, जसपाल सिंह, मृत्युंजय शर्मा एवं प्रशिक्षक ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी। चैंपियनशिप जीतने के बाद बिलासपुर में महिला एवं पुरुष टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुशील मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ, अमरनाथ सिंह महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, हेमंत सिंह परिहार, यशु जायसवाल, अख्तर खान, मुकेश कश्यप, टी रमेश बाबू, विनय सिंह आदि उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों का दल मिला विधानसभा अध्यक्ष से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पदक विजेता एवं अवॉर्डी खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भी उनके रायपुर निवास में खिलाड़ियों के दल ने मिलकर लंबित उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा एवं राज्य खेल अलंकरण समारोह को पुनः खिलाड़ियों को जल्द से जल्द प्रदान करते हुए सम्मानित करने का निवेदन किया गया जिसमें उनके द्वारा आश्वस्त किया गया है।

### प्रोटीन की भूमिका आम धारणा से अलग

# प्रोटीन सिर्फ आपके मसल्स बढ़ाने में ही मदद नहीं करता बल्कि इसकी और भी हैं जिम्मेदारियां

हम सभी प्रोटीन के बारे में जानते हैं। प्रोटीन मसल्स, स्किन, बालों और नाखूनों के साथ-साथ एंटीबॉडीज, हार्मोन और सेलुलर स्ट्रक्चर्स का एक महत्वपूर्ण कंपोनेंट है। विज्ञान यह कहता है कि कोई भी व्यक्ति यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि वो कितना कार्बोहाइड्रेट कंज्यूम सकता है। इस मामले में प्रोटीन सबसे आम मैक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में सामने आता है।

हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रोटीन केवल मसल्स के डेवलपमेंट में मदद करता है। हमारा शरीर प्रोटीन को अमीनो एसिड में तोड़ देता है और मसल्स के रिस्टोरेशन और रिकंसट्रक्शन के लिए अमीनो एसिड का उपयोग करता है। लेकिन कई लोगों का यह मानना है कि प्रोटीन सिर्फ मसल्स के निर्माण से ज्यादा कुछ नहीं करता है। प्रोटीन तीन प्राइमरी फूड ग्रुप्स में से एक है और अमीनो एसिड से बना है, जो ₹बिल्डिंग ब्लॉक्स₹ सेल्स के रूप में काम करता है। इन सेल्स को अपने विस्तार और मरम्मत के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है।

अपनी डाइट में प्रोटीन जोड़ने के कुछ नैचुरल सोर्स भी हैं। मछली, मुर्गी, अंडे, फलियां और डेयरी प्रोडक्ट जैसे खाद्य पदार्थ प्रोटीन से भरे होते हैं और इन्हें हम



अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं।मसल्स के डेवलपमेंट में प्रोटीन कैसे मदद करता है?

प्रोटीन मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद है। यह महत्वपूर्ण घटक आपके शरीर ये जुड़े सभी दैनिक कार्यों और उपयोगों के लिए आवश्यक है। आपको कितनी मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, इस बारे में मिथकों और धारणाओं के बावजूद, आपको अपने प्रोटीन इनटेक का बाकी न्यूट्रिशनल इनटेक के साथ मिलान करना महत्वपूर्ण है। बहुत से लोग प्रोटीन को मसल्स मास के साथ भी जोड़ते हैं। प्रोटीन और अमीनो एसिड आपके शरीर में मसल्स के टिश्यूज का निर्माण करते हैं। साधारण भाषा में कहें तो यदि आपकी मसल्स एक इमारत हैं, तो ईंटें प्रोटीन हैं। आपका शरीर कई प्रकार के अमीनो एसिड का निर्माण करता है। लेकिन 9 अन्य आवश्यक अमीनो एसिड भी होते हैं और उनका निर्माण शरीर में नहीं होता है। बीन्स, नट्स और सोया जैसे फूड प्रोडक्ट्स से आपको ईएए मिलता है। मिश्रित अमीनो एसिड युक्त डाइट मसल्स के प्रोटीन के उत्पादन को अधिकतम करने में मदद कर सकती है।

ल्यूसीन नामक अमीनो एसिड कई एनाबॉलिक (मांसपेशियों के निर्माण) प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है। इसे ₹ल्यूसीन ट्रिगर सिद्धांत₹ के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उचित मात्रा में ल्यूसीन लेना मसल्स के प्रोटीन प्रोसेस को ट्रिगर करता है।



मसल्स के निर्माण में प्रोटीन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमीनो एसिड (प्रोटीन बिल्डिंग ब्लॉक्स) मसल्स के टिश्यूज के पुनर्निर्माण और बनाए रखने में मदद करते हैं। वर्कआउट के बाद प्रोटीन आपको एक्सरसाइज से ठीक होने में मदद करता है, क्योंकि एक्सरसाइज के दौरान मसल्स थोड़ी फट जाती हैं। लेकिन आपके लिए यह जानना भी आवश्यक है कि केवल ज्यादा प्रोटीन खाने का मतलब यह नहीं है कि आप मसल्स को जोड़ने जा रहे हैं। आपको एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिंग के साथ-साथ फलों, सब्जियों और कार्बोहाइड्रेट वाली स्वस्थ और संतुलित डाइट की



आवश्यकता होती है। आपको कुछ जबरदस्त प्रोटीन रिच स्नैक्स के बारे में जानना चाहिए। जिनमें राइस केक और पीनट बटर, राइस केक आपको एनर्जी देता है, जबकि पीनट बटर आपका पेट भरा हुआ रखने और प्रोटीन प्रदान करने का काम करता है।

#### दही और केला

ग्रीक योगर्ट में सामान्य दही की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है। अपने प्री-वर्कआउट से पहले आप इस स्नैक को ट्राई कर सकते हैं।

#### अंडे के साथ कुछ भी

अंडे सिर्फ नाश्ते के लिए ही नहीं, दिन में किसी भी समय खाने के लिए भी ये बहुत अच्छे होते हैं। इनमें सभी महत्वपूर्ण अमीनो एसिड होते हैं, जो आपके शरीर को डाइट के माध्यम से प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

## छत्तीसगढ़ महिला टीम ने रचा इतिहास, सभी सात लीग मैच जीते

**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच बुधवार को बडौदरा में बंगाल टीम के विरुद्ध खेला गया। इस मैच में बंगाल को 5 विकेट से हराकर छत्तीसगढ़ ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने इतिहास रचते हुए सभी सात लीग मैच जीत लिए हैं। बुधवार को छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बंगाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये

■ बंगाल को 5 विकेट से हराकर क्वाटर फाइनल में किया प्रवेश

निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 197 रन बनाये। बंगाल की ओर से मीता पॉल ने 76 रन तथा टी सरकार ने 34 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त सुजाता डे ने 24 रन तथा प्रतिवा ने 21 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे ने 3 विकेट, प्रीति यादव तथा श्रेया श्रीवास ने 2-2 विकेट प्राप्त किए।

198 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 48.3 ओवरों में 5 विकेट खोकर 198 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से



कृति गुप्ता



महक नरवसे

कप्तान कृति गुप्ता ने 54 रन नाबाद तथा महक नरवसे ने 42 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त शिल्पा साहु ने 26 रन तथा कुमुद साहु ने 22 रनों का योगदान दिया। बंगाल की ओर से बिदिशा डे ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 5 विकेट से जीत लिया। महक नरवसे प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। टीम 22 फरवरी को हिमाचल प्रदेश से क्वार्टर फायनल मैच खेलेगी।



## सीप की चूड़ी पहनने से हो सकते हैं ये लाभ, ज्योतिष से जानें



16 श्रृंगार में चूड़ियां बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसे सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इससे महिलाओं के हाथों की खूबसूरती भी बढ़ती है। सनातन धर्म में सुहागिन महिलाओं के द्वारा किए जाने वाले श्रृंगार में सिंदूर, पायल, बिछिया और मंगलसूत्र आदि के साथ हाथों में कांच की चूड़ियां पहनना भी बेहद अहम माना जाता है। हाथों में चूड़ी पहनने की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। वहीं हिंदू धर्म में देवियों की मूर्तियों में उन्हें चुड़ी पहने हुए ही दर्शाया गया है, लेकिन क्या आप जानते हैं आखिर सुहागिन महिलाओं को चूड़ियां पहनना इतना जरूरी क्यों माना जाता है। खासकर सीप की चूड़ियों क्यों शुभ मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

#### सीप की चूड़ी पहनने के लाभ

सीप की चूड़ी का संबंध माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) है। सीप धन की देवी माता लक्ष्मी का प्रतीक है। इसे पहनने से पति को कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है और महिलाओं का चंद्र (चंद्र दोष उपाय) ग्रह मजबूत होता है। साथ ही जिस भी घर में महिलाएं सीप की चूड़ियां पहनती हैं, उस घर में कभी भी आर्थिक परेशानियां नहीं आती है। शुभ फलों की प्रारप्ति होती है। इसलिए सीप की चूड़ियां खासकर पहनना चाहिए।

#### सुहाग का प्रतीक है चूड़ियां

सुहागिन महिलाओं को चूड़ियां अवश्य पहनना चाहिए। इससे पति की आयु बढ़ती है। इसे 16 श्रृंगार में से एक माना जाता है। यही कारण है कि मां दुर्गा को श्रृंगार के सामान चढ़ाएं जाते हैं।



## घर में हैं बुजुर्ग तो उनसे रिश्ता मजबूत करें खास पकवान से

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे हमारे शरीर में भी काफी परिवर्तन होते हैं। इन परिवर्तनों की वजह से शरीर में अलग तरह के पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है। खासतौर पर जब कोई बुजुर्ग हो जाता है, तो उनके खाने का ध्यान घर वालों को ही रखना पड़ता है। शायद ही कोई घर ऐसा होगा, जिसमें बुजुर्ग ना रहते हों। जिस प्रकार से जब घर में कोई बच्चा आता है, तो उसका ध्यान रखना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार से घर के बुजुर्गों का भी काफी खास ध्यान रखना पड़ता है। उम्र बढ़ने के साथ दांत कमजोर होने लगते हैं, जिस वजह से बुजुर्गों आप कुछ भी खाने को नहीं दे सकते। उन्हें वही चीजें खाने को दी जाती हैं, जिसे वो सही तरह से चबा लें। कई बार हेल्दी चीजें देने के चक्कर मे हम उनके स्वाद के बारे में भूल जाते हैं। इसीलिए आज के लेख में हम आपको कुछ स्वादिष्ट पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपने घर के बड़ों को दे सकते हैं।

**दलिया:** दलिया एक ऐसी चीज है, जिसे आप नाश्ते



और खाने दोनों समय खा सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो नाश्ते में अपने घर के बुजुर्गों के लिए दूध और दलिया तैयार कर सकते हैं। अगर खाने में उनका दलिया खाने का मन है तो आप उन्हें नमकीन दलिया बनाकर खिला सकते हैं।

**टमाटर का सूप:** बुजुर्गों को ऐसी चीजें काफी पसंद आती हैं, जिसे उन्हें चबाना ना पड़े। ऐसे में आप अपने परिवार के बुजुर्गों को टमाटर या मिक्स वेजिटेबल का सूप तैयार करके परोस सकते हैं। ध्यान रखें कि ये ज्यादा तीखा ना हो, वरना उन्हें पेट की समस्या हो सकती है।

**चीला:** चीला खाने में काफी नरम और स्वादिष्ट होता है। ऐसे में मूंग दाल का चीला आप उन्हें बनाकर खिला सकते हैं। इसे उनकी पसंदीदा चटनी के साथ ही परोसें। ताकि उनका मन भी भर जाए।

**इडली:** साउथ इंडियन खाना हर किसी को पसंद आता है। ऐसे में आप भी अपने घर के बुजुर्गों को स्वादिष्ट इडली बनाकर खिला सकते हैं। अगर उन्हें चटाकेदार खाना पसंद है, तो आप इसे फ्राई भी करके उन्हें परोस सकते हैं।

**ढोकला:** ये काफी मुलायम होता है और इसे बनाना भी काफी आसान होता है। ऐसे में आप अपने घर के बड़ों को हरी चटनी के साथ ढोकला परोस सकते हैं।



